दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

आवश्यकता
सुपौल, सीतामढ़ी
मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई,
के लिए संवाददाता सह विज्ञापन
प्रतिनिधि के रूप में काम करने
वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
9525278483, 6200031466

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 08 मई 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 473

## संक्षिप्त खबरें ।

### सात समंदर पार से वोट करने पहुंची तेजस्विनी: बिहार के खगड़िया सीट पर किया मतदान; कहा- वोट करना अति आवश्यक



लोक तंत्र की आवाज

**खगड़िया।** बिहार में तीसरे चरण की 5 सीटों पर मंगलवार (7 मई) को मतदान हो रहा हैं। बिहार की खगड़िया लोकसभा सीट में एक महिला सात समंदर पार यानी इंग्लैंड से वोट करने के लिए अपने गांव पहुंची। तेजस्विनी ने जमालपुर के मतदान केंद्र में वोट किया। खगड़िया की बेटी तेजस्विनी, पिछले कई सालों से इंग्लैंड से अपने गांव पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करती है। इंग्लैंड से मतदान करने खगड़िया पहुंची तेजस्विनीः इंग्लैंड में रहने वाली तेजस्विनी अपने वोट के लिए सात समंदर पार से खगड़िया पहुंची हैं। खगड़िया की बेटी तेजस्विनी हर बार के चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए इंग्लैंड से खगड़िया आती हैं और वोट देने के बाद वापस लौट जाती हैं। इंग्लैंड में करती हैं सकोलॉजिस्ट रिसर्चर की पढ़ाईः खगड़िया जिले के मशहूर डॉक्टर मुरारी पोद्दार की बेटी तेजस्विनी इंग्लैंड में साइकोलॉजिस्ट रिसर्चर की पढ़ाई कर रही हैं। तेजस्विनी ने बताया कि देश में बेहतर सरकार के लिए सरकार ने हमें मतदान का अधिकार दिया है। हर व्यक्ति को चाहिए कि मतदान के दिन मतदान जरूर करे। यह उनका मौलिक अधिकार है और इसी के जरिये वह सरकार चुन भी सकते हैं और बदल भी सकते हैं।तेजस्विनी ने कहा कि हम अपने वोट का सही इस्तेमाल करेंगे ताकि देश की उन्नति हो और तरक्की की राह पर हम आगे बढ़ सके। एक वोट से काफी बदलाव लाया जा सकता है। मैंने 2019 में भी वोट कास्ट किया है। मैं अपने माता-पिता की प्रेरणा से ही सब कुछ कर रही हूं।

# पीएम मोदी ने अहमदाबाद में डाला वोट, सफेद कुर्ते के ऊपर केसरिया रंग की जैकेट में आए नजर

लोक तंत्र की आवाज





**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार सुबह गुजरात की 25 लोकसभा सीटों पर मतदान शुरू होने के तुरंत बाद अहमदाबाद में एक मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपना वोट डाला. सफेद कुर्ते के ऊपर केसरिया रंग की जैकेट पहने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के रानिप स्थित निशान स्कूल में अपना वोट डाला।

पीएम मोदी ने कहा, ''मैं लोगों से वोट करने की अपील करता हूं. मैं गुजरात में हूं और मुझे मध्य प्रदेश और तेलंगाना जाना है. मैं चुनाव आयोग को पहले दो चरणों की सफलता के लिए बधाई देता हूं. पहले वोटिंग के दौरान हिंसा होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है. यह प्रक्रिया चुनाव अनुकूल है. यह दुनिया के सभी लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण है. यह एक केस स्टडी है।

प्रधानमंत्री जैसे ही मतदान केंद्र पहुंचे तो 'जय श्री राम' के नारे लगने लगे. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनका स्वागत किया. स्थानीय निवासियों ने भी उत्साह दिखाया और पारंपरिक ढोल-नगाड़े के साथ उनका स्वागत किया. वोट डालने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने मतदान केंद्र पर जुटे स्थानीय लोगों को ऑटोग्राफ दिए. इसके बाद अपना वोट डाला। बता दें कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत देश के 11 राज्यों एवं संघ शासित प्रदेशों की 93 सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शुरू हो चुका है. वोटिंग शुरू होने के बाद पीएम मोदी ने हिंदी, अंग्रेजी और गुजराती सहित विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा, ''तीसरे चरण के सभी मतदाताओं से मेरा आग्रह है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करें और वोटिंग का एक नया रिकॉर्ड बनाएं. आप सभी की सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र के इस महोत्सव की रौनक को और बढ़ाएगी।

## यह तो ठीक नहीं होगा...' अभिषेक मनु सिंघवी मांग रहे थे सीएम केजरीवाल के लिए जमानत, सुप्रीम कोर्ट ने रख दी शर्त



लोक तंत्र की आवाज

**नई दिल्ली।** शराब नीति से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई. इस दौरान सीएम केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी उन्हें अंतरिम जमानत देने की मांग करते हुए तमाम दलीलें दे रहे थे. तभी जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने सिंघवी के सामने बड़ी शर्त रख दी. सुप्रीम कोर्ट ने आप प्रमुख से कहा कि अगर वह उन्हें अंतरिम जमानत देता है, तो उन्हें अपने सीएम कर्तव्यों का पालन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की सुप्रीम कोर्ट बेंच ने कहा, 'अगर हम आपको अंतरिम जमानत देते हैं, तो हम स्पष्ट हैं कि हम आपको मुख्यमंत्री के रूप में आपके कर्तव्यों का पालन नहीं करने देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने सीएम केजरीवाल से सवाल किया कि अंतरिम ज़मानत मिलने पर क्या आप दफ़्तर भी जाएंगे? इस पर उनकी ओर से पेश वकील सिंघवी ने कहा, 'मैं आबकारी नीति पर कोई काम नहीं करूंगा.' सुप्रीम कोर्ट ने फिर कहा कि अगर आप दफ़्तर जाते हैं तो ठीक नहीं होगा. इस पर सिंघवी ने कहा कि 'एक उट के तौर पर इसमें दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

सिंघवी ने कहा, 'सीएम के पास अगर कोई मंत्रालय नही है तो क्या वो पद संवैधानिक हो गया? एलजी ने भी मान्यता दी है. 2 हफ्ते पहले एलजी ने ही फाइल वापस कर दी कि सीएम के हस्ताक्षर नहीं थे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'मान लीजिए हम आपको छोड़ते हैं तो ऑफिस जाना ठीक नहीं होगा. हम ये कह रहे हैं कि आधिकारिक कार्य नहीं करेंगे.' वहीं वरिष्ठ वकील सिंघवी ने कहा, 'मैं एक बयान देना चाहता हूं कि वह किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे. इस शर्त के साथ कि एलजी इस आधार पर कोई काम नहीं रोकेंगे कि मैंने किसी फाइल पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

# सुपौल से दुखद खबर, पीठासीन अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत

लोक तंत्र की आवाज

**सुपौल।** बिहार में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान के दौरान एक दुखद खबर सामने आई है. सुपौल लोकसभा क्षेत्र के सरायगढ़ में चुनाव कार्य में लगे एक पीठासीन अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है. मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है और मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है. मृतक की पहचान शैलेंद्र कुमार के रूप में हुई है जो पिपरा थाना क्षेत्र के महेशपुर का रहने वाले थे।

बताया जाता है कि शैलेंद्र कुमार की ड्यूटी सरायगढ़ के चांदपीपर स्थित मतदान केंद्र संख्या 157 पर लगाई गई थी. जानकारी मिली है कि मतदान शुरू होने से पहले सुबह उनकी तबीयत खराब होने के बाद सरायगढ़




सीएचसी में उन्हें भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई. इसके बाद शैलेंद्र कुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

बता दें कि सुपौल में मतदान को लेकर वोटरों में काफी उत्साह है और बंपर वोटिंग हो रही है. सुबह 9 बजे तक 14 प्रतिशत मतदान हो गया था. डीएम कौशल कुमार की पहल पर मतदाताओं में जागरूकता देखी जा रही है और लोग घरों से निकल कर मतदान कर रहे हैं. हालांकि, एक दो जगहों पर प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही से लोगों

● मृतक की पहचान शैलेंद्र कुमार के रूप में हुई है जो पिपरा थाना क्षेत्र के महेशपुर का रहने वाले थे

में नाराजगी है। बताया जा रहा है कि जो लोग कल तक सरकारी योजना का लाभ ले रहे थे आज वोटर लिस्ट में उनके नाम नजर नहीं आ रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए बिहार की पांच सीटों पर आज मतदान हो रहा है. अररिया, झंझारपुर, खगड़िया, मधेपुरा और सुपौल में शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे. इस चरण में कुल 54 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं जिनमें 51 पुरुष और 3 महिला प्रत्याशी हैं. इन सीटों में एनडीए, महागठबंधन के अतिरिक्त अन्य दलों की दलों की स्थिति देखें तो JDU से 3, RJD से 3, BJP से 1, LJPR से 1, BSP से 1 और CPI M से 1 उम्मीदवार सहित 19 निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं और शेष निर्दलीय ताल ठोक रहे हैं।

तीसरे चरण की सुपौल और मधेपुरा की संसदीय सीटें कोसी क्षेत्र में आती हैं, वहीं अररिया सीमांचल क्षेत्र की सीट है जो मुस्लिम बहुल है. झंझारपुर मिथिलांचल क्षेत्र तो एक और सीट खगड़िया है. मुकाबले के लिहाज से देखें तो अररिया में महागठबंधन में राजद के शहनवाज आलम का मुकाबला एनडीए के भाजपा से वर्तमान सांसद प्रदीप कुमार सिंह से है. इस सीट पर मोटे तौर पर हिंदू और मुस्लिम मतदाताओं की गोलबंदी ही जीत हार का आधार तैयार करती है।

# पप्पू यादव बिहार छोड़ अचानक धनबाद पहुंचे, कांग्रेस खेमे में बढ़ी हलचल

लोक तंत्र की आवाज

धनबाद। बिहार के पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस छोड़ निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे पूर्व सांसद पप्पू यादव आज कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के प्रचार में धनबाद पहुंचे हुए हैं। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोला। साथ में यह भी कहा कि चार जून के बाद पूर्णिया इतिहास लिखेगा जिसे पूरा विश्व देखेगा। उन्होंने राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने की बात की।

बिहार के पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस छोड़ निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे पूर्व सांसद पप्पू यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा भाजपा हमारी सीता को चुरा ले गई, गीता को भी ईडी के दबाव में अपने झांसे में ले लिया। 400 का नारा देकर अपने मुंह मियां मिट्ठू बन रही भाजपा चुनाव हारेगी और आइएनडीआइए राहुल गांधी के नेतृत्व में चार जून के बाद सरकार बनाएगी।

**अनुपमा सिंह के प्रचार में धनबाद पहुंचे पप्पूः** पप्पू यादव सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार करने धनबाद पहुंचे। सर्वप्रथम बारामुड़ी खटाल पहुंचकर अपने चिरपरिचित अंदाज में खाट पर बैठकर दाल-चावल-चोखा खाया। बच्चों के साथ तस्वीरें खिंचवाईं, धनबाद से कांग्रेस की प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट मांगा। यह भी कहा कि धनबाद के विकास के लिए स्वच्छ एवं अच्छे नेता का चुनाव करें, जो दागदार न हों। अनुपमा सिंह श्रेष्ठ प्रत्याशी हैं। जाते-जाते भाजपा पर तंज भी कसा।

**तीन लाख वोट से जीतेगी कांग्रेसः** **पप्पू यादवः** पप्पू यादव ने कहा, कम से कम तीन लाख वोट से जीतेंगे। धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह विजयी हो रही हैं। भाजपा की करारी हार होगी। पप्पू यादव ने भाजपा पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा झारखंड बनने में भी कांग्रेस का योगदान है। महिलाएं भाजपा से अलग हो रही हैं। युवाओं में आक्रोश है, किसानों की आवाज दबाई जा रही है। छोटे व्यापारी की हालत खराब है, ये बर्बाद हो चुके हैं। पिछले 10 वर्षों में झारखंड के अंदर एक भी फैक्ट्री नहीं लगी। रोजगार की आस में युवा पलायन कर रहे हैं। भाजपा के विरोध में लहर है। कांग्रेस ही इसका जवाब है।

### जाते-जाते दे दिया बड़ा संदेश




### कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के प्रचार में धनबाद पहुंचे पप्पू


उन्होंने कहा कि पूर्णिया सीट पर आज पूरे विश्व की निगाहें हैं। उनका किसी से भेदभाव नहीं है। परिवार भी उनके साथ है। पूर्णिया में हिंदू न मुसलमान न जाति न धर्म और न ही बाहुबल, इस पर मतदान नहीं हुआ बल्कि उनके कार्यों को देखते हुए पूर्णिया की जनता ने वोटिंग की। सभी लोगों का साथ और प्यार मिला। चार जून के बाद पूर्णिया इतिहास लिखेगा, जिसे पूरा विश्व देखेगा।

# बिहार के वाल्मीकिनगर में रोचक हुई जंग, असम के सांसद नबा सरानिया ने किया नामांकन, रह चुके हैं उल्फा के कमांडर

लोक तंत्र की आवाज

**पश्चिमी चंपारण।** बिहार की सियासत में एक नए राजनेता की एंट्री ने सबको चौंका दिया. असम के कोकराझार से दो बार के निर्दलीय सांसद नबा सरानिया ने इस बार वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र से अपना नामांकन किया है. गण सुरक्षा पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष नबा सरानिया सोमवार को अचानक कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन दाखिल कर दिया. इस सीट पर उनका मुकाबला जदयू के सुनील कुमार और राजद के दीपक यादव से होगा. पहले ही कांग्रेस के बागी प्रवेश मिश्र, एनडीए के बागी दिनेश अग्रवाल निर्दलीय नामांकन कर चुके है. थारू आदिवासी बाहुल्य इस सीट पर सरानिया के नामांकन के बाद मुकाबला दिलचस्प हो गया है।

असम से बिहार के बेतिया समाहरणालय में नामांकन करने पहुंचे सांसद नबा सरानिया ने बताया कि असम में कुछ तकनीकी कारणों से उनका नामांकन रद्द हो गया था. वाल्मीकिनगर से चुनाव लड़ने का उद्देश्य आदिवासी, पिछडा, अतिपिछड़ा, अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए कार्य करना, उनको आगे बढाना व सोशल पहचान दिलाना है. नबा सरानिया ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी जाकर चुनाव लड़ सकते है तो मैं वाल्मीकिनगर से क्यों नहीं लड़ सकता हूं. अगर जीत होगी तो सभी वर्गों के विकास का काम करूंगा।



### उल्फा की 709 बटालियन के रह चुके हैं कमांडर


जानकारी के मुताबिक सरानिया असम के उल्फा की 709 बटालियन के कमांडर रह चुके है. असम के बक्सा जिले के दिघलीपार गांव के रहनेवाले नबा ने 1990 में संगठन ज्वाइन किया था. 20 अगस्त 2012 को गुवाहाटी पुलिस ने तीन अन्य लोगों के साथ लूट, किडनैप और मर्डर के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया था. बाद के दिनों में उन्होंने संगठन को छोड़कर राजनीति को अपना करियर बना लिया।

# लालू के बयान से चढ़ा बिहार का सियासी पारा कहा- मुसलमानों को मिलना चाहिए पूरा आरक्षण

लोक तंत्र की आवाज

**पटना।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की वोटिंग के बीच आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने एक बयान देकर बिहार का सियासी पारा एक बार फिर बढ़ा दिया है। विधान परिषद में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान लालू प्रसाद ने कहा कि मुसलमानों को पूरा आरक्षण मिलना चाहिए। लालू के इस बयान को लेकर बिहार की सियासत में नया विवाद छिड़ गया है।

बीजेपी ने लालू के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है और कहा है कि



मुसलमानों को किसी भी हाल में स्पेशल आरक्षण नहीं मिलेगा।दरअसल, लालू प्रसाद ने तीसरे चरण की वोटिंग के बीच मुसलमानों को पूरा आरक्षण देने की वकालत कर एक बड़ा दांव चल दिया है। मुस्लिम मतदाताओं को रिझाने के लिए लालू ने कहा कि बीजेपी के लोग जंगलराज की बात कहकर लोगों को भड़का रहे हैं। बीजेपी के लोग हार के डर से इतने खौफ में हैं कि लोगों को अब भड़काने का काम कर रहे हैं। ये लोग तो संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं।

देश की जनता के जेहन में यह सारी बातें आ चुकी हैं। लालू ने कहा कि देश के मुसलमानों को पूरा आरक्षण मिलना चाहिए।लालू के इस बयान पर भड़की बीजेपी ने भी पलटवार किया है। बिहार के दोनों डिप्टी सीएम ने लालू पर डबल अटैक किया है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद ने आज खुद अपने मुंह से कहा है कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए। लेकिन हमलोग इसका विरोध करते हैं। अतिपिछड़ा, दलित, पिछड़े समाज और सवर्ण गरीबों का आरक्षण भारतीय जनता पार्टी किसी भी हाल में खत्म नहीं होने देगी। ये लोग बिहार के दलितों, महादलितों और गरीबों के अधिकार का हनन करने वाले लोग हैं। ऐसे लोगों से बिहार को मुक्त करना जरूरी है।

# 9 साल में बना आधा ङट लंबा पुल, खर्च हो गए 917 अरब रुपए, मगर न गाड़ी चल सकती है और न ट्रेन, जानें क्यों?

लोक तंत्र की आवाज

**नई दिल्ली।** अमेरिका में एक ऐसा ब्रिज यानी पुल बना है, जो चर्चा का विषय बन चुका है. इस रेल पुल का उद्घाटन हो चुका है और इसके निर्माण में 11 बिलियन अमेरिकी (करीब 917 अरब रुपए) डॉलर खर्च हुए हैं. इस हाई स्पीड रेल पुल को बनाने में 9 साल का समय लगा है. मगर हैरानी की बात यह है कि यह रेल पुल कहीं भी नहीं जाता है. जी हां, यह रेल पुल न आगे से जुड़ता है और न पीछे से. इस रेल पुल का उद्घाटन भले ही हो चुका हो, मगर इस पर अभी रेल नहीं चलाया जा



सकता है. कैलिफोर्निया की राज्य सरकार इस हाई-स्पीड रेल पुल के पूरा होने का जश्न तो मना रही है, मगर इसी की जह से वह अब आलोचना भी झेल रही है।

ट्विटर और टेस्ला के मालिक एलन मस्क और डॉगकॉइन निर्माता बिली मार्कस सहित कई दिग्गजों ने कैलिफोर्निया के हाई-स्पीड रेल अथॉरिटी का मजाक उड़ाया है. कैलिफोर्निया हाई-स्पीड रेल अथॉरिटी ने पिछले साल गर्व से 'फ्रेस्नो रिवर वियाडक्ट' (रेल ब्रिज का नाम) के पूरा होने की घोषणा की थी, जो राज्य की लंबे समय से विलंबित बुलेट ट्रेन परियोजना का एक छोटा सा खंड था. इस परियोजना का उद्देश्य सैन फ्रांसिस्को को लॉस एंजिल्स से जोड़ना है।

एलन मस्क ने अपने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस रेल परियोजना को लेकर रोने वाले इमोजी के साथ निराशा व्यक्त की, जो कथित तौर पर रद्द होने की संभावना का सामना कर रहा है. वहीं बिली मार्कस ने अपने एक्स पोस्ट में तंज कसते हुए कहा कि यह अब तक की सबसे उल्लेखनीय मानवीय उपलब्धि है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नवादा के नए जिला जज ने काम काज संभाला, अधिवक्ता संघ ने दी शुभकामनाएं



नवादा :नवादा के नए जिला व सत्र न्यायाधीश आशुतोष झा ने सोमवार 6 मई को अपना पदभार संभाला। इस बीच मंगलवार को जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने उनसे मुलाकात कर शुभकामनाएं दी। तथा बार के तरफ से हर तरह का सहयोग का वादा किया। जिला जज ने भी संघ के पदाधिकारियों को हर तरह का सहयोग करने का भरोसा दिलाया। संघ की ओर से अध्यक्ष अरुण कुमार, महासचिव संत शरण शर्मा, वरीय अधिवक्ता श्रीकृष्ण पाण्डेय, रोहित सिन्हा, अखिलेश नारायण, बृजकिशोर सिंह, मनोज कुमार शामिल थे।बता दें कि नवादा के जिला जज पुरूषोत्तम मिश्रा का पूर्णिया तबादला होने के बाद आशुतोष झा नवादा के नए जिला जज बनाए गए हैं। ये पहले नवादा में अपर जिला व सत्र न्यायाधीश रह चुके हैं। नवादा से ही उनका तबादला बक्सर में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के पद पर हुआ था।

### वार्षिकोत्सव पर रामधुन का किया गया आयोजन



रौशन कुमार सोनू
कौआकोल(नवादा ): प्रखण्ड के दरावां पंचायत के बरौन गांव में मंगलवार को देवी मंदिर का वार्षिकोत्सव पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुरोहित अनन्त पाण्डेय की देखरेख में आयोजित वार्षिकोत्सव पूजन में गांव के दर्जनों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्रीराम धुन का भी आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर गांव सहित आस–पास का इलाका भक्तिमय हो गया। ग्रामीण सह पुरोहित अभय कुमार,नवीन सिंह,अनिल सिंह,उमेश सिंह,पैक्स अध्यक्ष रजनीश कुमार,चितरंजन सिंह, संजीत सिंह,दिवाकर सिंह आदि ने बताया कि स्थानीय ग्रामीण मंडली सहित अन्य स्थानों से आए मंडली के द्वारा रामधुन का आयोजन किया गया है।

### मारपीट मामले के फरार आरोपी पिता–पुत्र गिरफ्तार

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):–वारिसलीगंज थाना की पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे पिता–पुत्र को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के विरुद्ध स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज है। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि दिसंबर 2023 में थाना क्षेत्र के चकवाय ग्रामीण स्व अर्जुन राम के पुत्र अभिमन्यु कुमार ने गांव के ही स्व प्रसादी राम के पुत्र अजय राम समेत उनके तीन पुत्र के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सभी आरोपी फरार चल रहे थे। रविवार की रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी के घर छापेमारी कर अजय राम तथा उनके पुत्र ऋतिक कुमार को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बाइक से गिरकर जख्मी हुई महिला का इलाज के दौरान मौत

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):–वारिसलीगंज थाना क्षेत्र की मोहद्दीनपुर पंचायत के भेड़िया गांव निवासी कार्तिक राम की 35 वर्षीया पत्नी रामरती देवी बाइक से गिरकर घायल हो गयी थी। घायल का इलाज के दौरान वीम्स पावापुरी में मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर अपने किसी रिश्तेदार के साथ बाइक से किसी काम को लेकर वारिसलीगंज बाजार आ रही थी, तभी सिमरी बगीचे के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक बच्चे को बचाने के दौरान बाइक अनियंत्रित हो गयी,जिससे पीछे बैठी महिला सिर के बल सड़क पर गिर गयी, जिससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। घटनास्थल पर उपस्थित स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी महिला को वारिसलीगंज पीएचसी लाया गया, जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद महिला को विम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी। मौत के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# वारिसलीगंज में धनी फाईनेंस के नाम पर ऑनलाईन लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 08 साईबर अपराधी गिरफ्तार

**गिरफ्तार अपराधियों के पास से 13 मोबाईल ,05 एटीएम कार्ड जप्त**



लोक तंत्र की आवाज़

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**–वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र साईबर क्राईम का सुरक्षित जोन बन गया है , लगातार यहां से साईबर क्राईम की घटना सामने आ रही है।पूरे देश के लोगों को नवादा में रहकर साईबर फ्रॉड किया जा रहा है। नवादा जिला के वारिसलीगंज प्रखंड में बैठकर साईबर ठग देश के हर राज्यों के लोगों का चूना लगा रहे हैं।जिसको लेकर जिला प्रसाशन भी अलर्ट है।और लगातार इसके खिलाफ छापेमारी कर सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया है।बावजूद साईबर क्राईमर विभिन्न नए तरीके से ठगी में लगे हैं।वारिसलीगंज थाना में महीने में 25 दिन हर एक राज्य की पुलिस ठगों को पकड़ने के लिए आए हुए रहती है।ताजा मामला वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के गोसपुर ग्राम की है ,जहां मंगलवार को वारिसलीगंज थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि गोसपुर ग्राम के बगीचे में कुछ साईबर क्राईमर इकट्ठा हुए हैं।जिनके द्वारा भोले –भाले जनता को ठगने का काम किया जा रहा है. सूचना मिलने पर तुरंत थानाध्यक्ष ने नवादा पुलिस अधीक्षक को सूचना दिया ,जिसके बाद पुलिस अधीक्षक नवादा के आलोक में एक टीम गठित कर उक्त स्थान पर घेराबंदी कर छापेमारी किया।पुलिस ने देखा कि गोसपुर हॉल्ट के सौ मीटर दूरी पर उतर दिशा में वाल्मीकि सिंह के अर्धनिर्मित मकान में कुछ साईबर अपराधी अपराध कारित कर रहे हैं।पुलिस को देखकर साईबर अपराधी भागने लगे ,लेकिन पुलिस ने कुल 08 साईबर अपराधी को धर दबोचा है, जिनके पास से 13मोबाईल फोन ,05 एटीएम कार्ड , 1,83,670 रुपए नगद बरामद किए गए .पुलिस ने बताया कि एक साईबर अपराधी दीवार कूदकर भागने में सफल रहा।पुलिस ने सभी अपराधी को स्थानीय थाना लाकर पूछताछ कर जांच किया।और अपराध करने का सही सत्यापन पाया।गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस को बताया कि इन लोगों द्वारा एक योजना के तहत फेसबुक पर धनी फाईनेंस एवं अन्य विश्वसनीय संस्था के नाम से फर्जी आईडी बनाई जाती है।कस्टमर से नंबर निकालकर धनी फाईनेंस के नाम से ऑनलाईन लोन दिलाने के लिए ग्राहक को फोन करते हैं।जब कोई ग्राहक इनके जाल में फंस जाते हैं तो उनको विश्वास दिलाने के लिए उनके डॉक्यूमेंट जैसे आधार कार्ड ,बैंक पासबुक ,वोटर कार्ड ,पैन कार्ड ,पासपोर्ट साईज फोटो एवं ईमेल आदि की छायाप्रति की मांग की जाती है।इसके बाद एनओसी के नाम पर ग्राहक से छोटी रकम मांगी जाती है।उसके बाद डॉक्यूमेंट अप्रूव होने के नाम पर प्रोसेसिंग शुल्क की मांग की जाती है।इसी तरह ग्राहकों से हजारों की ठगी कर ली जाती थी।पुलिस ने वारिसलीगंज थाने में गिरफ्तार सभी साईबर अपराधी के विरुद्ध कांड संख्या 173/24 दिनांक 07 अप्रैल को दर्ज कर अनुसंधान में जुटी है।पुलिस ने एटीएम कार्ड ,मोबाईल और नगद राशि को जप्त कर गिरफ्तार सभी लोगों को कागजी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय भेज दिया है।इस बाबत पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

इन साईबर ठगों की हुई गिरफ्तारी : पुलिस ने जो 08 साईबर ठगों को गिरफ्तार किया है ,उनमें दिलखुश कुमार उम्र 22 वर्ष पिता मनोज सिंह ,त्रिपुरारी कुमार उम्र 28 वर्ष पिता संजय कुमार ,प्रशांत कुमार उम्र 28 वर्ष पिता योगेन्द्र सिंह , बिट्टू कुमार 28 वर्ष पिता वाल्मीकि सिंह ,अंकुर कुमार उम्र 26 वर्ष पिता शंभू शरण सिंह ,खिखर सिंह उम्र 29 वर्ष पिता स्व .परमानंद सिंह , रोहित कुमार उम्र 27 वर्ष पिता राजेश सिंह इन सभी वारिसलीगंज थानाक्षेत्र के गोसपुर ग्राम के हीं निवासी थे, वहीं एक अन्य नालंदा जिले के कतरीसराय थानाक्षेत्र के कटौना ग्राम निवासी गौतम कुमार उम्र 35 वर्ष पिता भूषण सिंह शामिल है।

### वारिसलीगंज : चुनावी मुद्दा को लेकर हुई मारपीट,प्राथमिकी दर्ज,जख्मी युवक विम्स रेफर



लोकतंत्र की आवाज़

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**–वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के हाजीपुर पंचायत स्थित मय (खैरा) गांव निवासी रामदहिन प्रसाद उर्फ अशोक सिंह के पुत्र रौशन कुमार ने मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर देने की प्राथमिकी दर्ज करायी है।स्थानीय थाने को दिये आवेदन में रौशन ने कहा गया है कि सोमवार की सुबह करीब सात बजे मेरा छोटा भाई जितेंद्र कुमार नवादा शहर से लौट रहा था।इस बीच मिल्की मस्जिद के पास एक होटल में नास्ता करने लगा।इस दौरान दुकानदार संपन्न लोकसभा चुनाव की चर्चा करने लगा।चुनावी चर्चा के दौरान दुकानदार मनोज राम मय व मंजौर ग्रामीणों का नाम लेते हुए भाजपा को वोट देनेवाले को गाली–गलौज करने लगा।मना करने पर गड़ेरिया बिगहा निवासी मनोज राम, वौधु चौधरी, मिल्की गांव निवासी अशोक चौधरी, रामदेव यादव व सब्बू मियां अचानक उग्र हो गया और जान मारने की नीयत से लोहे का रड से प्रहार कर गंभीर रूप से जख्मी कर बेहोश कर दिया।बेहोशी होने के बाद वे लोग भाग निकला।बेहोशी हालत में देख आसपास के लोग पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बेहोश पड़ा जितेंद्र को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल लाया।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी अस्पताल रेफर कर दिया।इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा।

## हिसुआ सम्राट अशोक कुशवाहा सेवा समिति ट्रस्ट ने किया चिंतन बैठक



लोक तंत्र की आवाज़

**हिसुआ (नवादा)।** सम्राट अशोक कुशवाहा सेवा समिति ट्रस्ट हिसुआ में एक चिंतन बैठक अध्यक्ष शिवनंदन प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन शिक्षक सत्येंद्र कुमार के द्वारा किया गया। जिसमें सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि ट्रस्ट का जमीन निजी मनोज कुमार के नाम पर है उसे ट्रस्ट में लाया जाए और ट्रस्ट का विकास वेपटरी हो गया है, उसे पटरी पर लाया जाए। इसके लिए एक आवश्यक बैठक 12 /5 /2024 दिन रविवार समय 10 बजे रखा गया है। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि अगले बैठक में उपस्थित होना सभी कुशवाहा भाई को अनिवार्य है। इस चिंतन बैठक में उपस्थित गरिमा मुसाफिर प्रसाद कुशवाहा, ओमप्रकाश वर्मा, बैद्यनाथ कुशवाहा, डॉ सुभाष सुमन, डॉ बाबू चंद , डॉ के नागेंद्र, टुनटुन कुमार, मसूदन कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद काजीपुरा सिपाही जी, ओमप्रकाश मेहता, महेंद्र प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार नक्सेना, मनोज कुमार नक्सेना, आनंद कुमार, शिव प्रसाद, पिंटू कुमार, दिनेश कुमार, अमरनाथ चुन्नू, मंजेश कुमार, रविंद्र कुमार श्रीरामपुर,अंकित कुमार, कुमारी निभा सिन्हा एवं अन्य दर्जनों सदस्य उपस्थित थे।

## टैगोर मानव ही नहीं महामानव थे डॉ. उमाशंकर सिंह




लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय गया के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर की पावन जयंती के अवसर पर एक दिवसीय समारोह का आयोजन किया गया है । इस समारोह में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार सिन्हा एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. श्वेता सिंह, हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. उमा शंकर सिंह, राजनीतिक शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. किशोर कुमार पासवान, अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमृतेंदु घोषाल आदि की गरिमामयी उपस्थिति में समारोह संपन्न हुआ है। इस समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. उमा शंकर सिंह ने कहा कि गुरुवर रवींद्रनाथ टैगोर विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्त थे। महान साहित्यकार, समाज सुधारक, प्रसिद्ध अध्यापक, प्रख्यात कलाकार के साथ–साथ वे एक सच्चे मानव थे। सच्चे अर्थों में वे मानव ही नहीं महामानव थे। उनके कृति व्यक्तित्व आगे सहस्त्र वर्षों तक मानवों को पथ प्रदर्शित करता रहेगा। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार सिन्हा ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर एक असाधारण व्यक्ति थे। विद्वान, चित्रकार, उपन्यासकार, कवि आदि सब कुछ थे। 1913 में उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। आज उनकी रचनाओं को पढ़कर उनके विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है । डॉ. श्वेता सिंह ने उनके दर्शन, जीवन–दर्शन और मानवतावाद से संबंधित उनकी विचारधारा पर विशेष जोर दिया है। अमृतेंदु घोषाल ने टैगोर जी की संक्षिप्त जीवनी, उनके साहित्य एवं मानवतावाद के साथ–साथ स्वतंत्रता–संग्राम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष चर्चा की गई है। डॉ. किशोर कुमार पासवान ने कविवर रवींद्रनाथ टैगोर के मानवतावाद, विश्व के महान व्यक्तित्व, श्रेष्ठ साहित्यकार व रचनाकार आदि बताते हुए उनके योगदानों की चर्चा की गई है। इस समारोह में स्वयंसेवक वर्ग में प्रियांशु कुमारी, काजल कुमारी, आरोही कुमारी, आस्था कुमारी, शीतल कुमारी, शिवम कुमार, सोनू कुमार, राजा कुमार, गोलू कुमार इत्यादि भी उपस्थित थे राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ है ।

# सुदूरवर्ती पंचायत के गांवों में पेयजल समस्या के निवारण को पहुंची टीम, बीडीओ सपही पम्प हाउस को किया गया चालू एवं बोरिंग के लिए दो स्थान



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** प्रखण्ड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ के विभिन्न गांवों में पेयजल की समस्या को दूर करने को लेकर मंगलवार को बीडीओ अनिल मिस्त्री एवं बीपीआरओ राजन कुमार ने पीएचईडी के एक्सक्यूटिव इंजीनियर अरुण प्रकाश, असिस्टेंट इंजीनियर राजेश कुमार सिंह एवं जूनियर इंजीनियर चन्दन कुमार के साथ निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि भीषण गर्मी में पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्रों में हुई पेयजल समस्या के निवारण के लिए पीएचईडी की टीम के बाराटांड़, सपही, चटकरी, सिरिसियाटांड़, टटहियांटांड़, फगुनी पहाड़ी, सिमरातरी समेत आसपास के गांवों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में ग्रामीणों से जरूरी जानकारियां ली गई। इस दौरान कुछ चापाकल खराब पड़े मिले। बीडीओ ने कहा कि खराब चापाकलों की मरम्मती का कार्य आगामी दो दिनों में पूरा कर लिया जाएगा। वहीं पेयजल की समस्या से निवारण हेतु त्वरित कार्रवाई करते हुए सपही स्थित पम्प हाउस को चालू करवाया गया। साथ ही कहा कि पंचायत के सिमरातरी एवं चटकरी गांव में नए रूप से बोरिंग के लिए स्थानों को चिन्हित किया गया है।बीडीओ ने कहा कि आगामी दो से तीन दिनों में सवैयाटांड़ पंचायत के ग्रामीणों की पेयजल समस्या का निवारण कर लिया जाएगा।साथ ही उन्होंने कहा कि शेष पंचायतों में विद्यमान पेयजल समस्या को दूर करने को लेकर पीएचईडी के जेई एवं अन्य कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## परैया प्रखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन अनुमंडलीय स्तर बैठक हुई




लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** परैया प्रखंड के सर्वोदय नगर बगीचे में रविवार को श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की अनुमंडलीय स्तर बैठक हुई है। टिकारी अनुमंडल क्षेत्र के परैया, गुरार कोंच व टिकारी के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मियों ने भाग लिया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत श्रमजीवी यूनियन के जिला अध्यक्ष सूर्यप्रताप सिंह उर्फ श्रीकांत सिंह के संबोधन से शुरू हुआ हू। संगठन के अनुमंडल स्तर पर विस्तार करते हुए अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव किया गया है। इसके अलावा जिला महासचिव गोपाल प्रसाद सिन्हा व सदस्य कंचन सिंहा ने सभी को संगठन विस्तार को लेकर संबोधित किया है। इसके साथ ही बैठक में सर्व सम्मति से परैया के पत्रकार राजीव रंजन को अध्यक्ष, गुरारू के पत्रकार धर्मेंद्र मिश्रा को सचिव और पत्रकार दीपक कुमार कोषाध्यक्ष चुना गया है। वही मांझियावां मुखिया प्रतिनिधि नागेन्द्र प्रसाद उर्फ शिव जी ने सभी उपस्थित पत्रकारों को सम्मानित किया है। जिलाध्यक्ष श्रीकांत सिंह ने बैठक में पत्रकारिता क्षेत्र के जोखिमो की चर्चा करते हुए पत्रकारों की एकता के लिए सभी को एक जुट होने पर बधाई दी है। इसके साथ ही एक साथ समाज हित में काम करने को जरूरी बताया है। विषम परिस्थिति में सांगठनिक तौर पर एक दूसरे को मदद करने की बात पर बल दिया है। मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने सभी पत्रकार को लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में बधाई दी है। सिंह ने कहा की पत्रकार समाज का आइना है। जिसके द्वारा पथ प्रदर्शक का काम किया जाता है। इस बैठक में जिला संगठन सचिव विजय पांडे, नीरज अम्बष्ठ, संजय अथर्व, श्रीनिवास शर्मा, दीपक कुमार, जितेंद्र मिश्रा, शिवचंद्र झा, भोला सरकार, परशुराम सिंह, सुमित कुमार, सुदर्शन कुमार, रंजन सिन्हा, रामाश्रय प्रसाद, डी के यादव, सहजान्दन सरस्वती, सुमित मिश्रा, बालकृष्ण पाठक

## मुहल्ले वालों ने रंगे हाथों नाबालिग चोर को पकड़ा ,किया पुलिस के हवाले



लोकतंत्र की आवाज़

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**–वारिसलीगंज शहर के जवाहर पार्क मुहल्ला वासियों ने सोमवार की अहले सुबह एक नाबालिग चोर को रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।वहीं, मौके से तीन चोर भाग निकला।बताया गया कि जवाहर पार्क मुहल्ला निवासी संजय सिंह के मकान में किराये पर रह रहे काशीचक थाना क्षेत्र के सरकट्टी गांव निवासी अरुण कुमार सिन्हा सुबह उठकर मुख्य द्वार खोलकर झाड़ू लगाया और बाथरूम गया।इसी बीच चार की संख्या में चोर अरुण कुमार सिन्हा के कमरे में घुसकर आलमीरा में रखा 30 हजार रुपये निकाल कर बाहर निकल रहा था।इस बीच अरुण कुमार सिन्हा बाथरूम से निकले चोरों पर नजर पड़ी।इतने में वे हल्ला करने लगे। हल्ला सुनकर मुहल्लेवासी दौड़े और भाग रहे चोरों में एक को पकड़ लिया।पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नाबालिग चोर को कब्जे में लेकर थाने लायी।बाद में अरुण कुमार सिन्हा के पुत्र राहुल कुमार ने थाने को आवेदन देकर इस मामले में गिरफ्तार नाबालिग चोर व फरार चोर की गिरफ्तारी कर न्याय की गुहार लगायी है।इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष रुपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले में कानूनी कारवाई की जा रही है।

## हसपुरा:मतदान प्रतिशत में बढाने को लेकर गांवों में जागरूक अभियान



लोकतंत्र की आवाज़

**विजय कर्ण**
**हसपुरा(औरंगाबाद)।** मतदान प्रतिशत में बढाने को लेकर प्रखण्ड में प्रशासन द्वारा गांव गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।अभियान में प्रशासनिक पदाधिकारियों से लेकर प्रखंड–अंचल के कर्मी,आशा,जीविका दीदी समेत विभिन्न विभागों के कर्मी शामिल है।बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया कि इसके लिए प्रखण्ड स्तर पर टीम गठित किया गया है।टीम द्वारा प्रतिदिन सभी गांवों में डोर टू डोर जाकर प्रत्येक मतदाताओं से मिलकर उन्हें मतदान के लिए आग्रह किया जा रहा है।इस दौरान मतदाताओं को मतदान के लिए कहीं शपथ दिलाकर तो कहीं रैली तो कहीं अन्य कार्यक्रम करके लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया जा रहा है। मंगलवार को कोइलवाँ,इटवाँ,अमझशरीफ पंचायतों में अभियान के दौरान शपथ भी दिलाई गईं। जिसमे आंगनबाड़ी सेविका,सहायिका,जीविका दीदी समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।वोट के महत्व व मतदान के प्रति महिलाएं भी प्रेरित हो रहे हैं।बीडीओ ने कहा कि यहां 1 जून को मतदान होना है। यह पांच साल के बाद आते हैं। इसलिए चुनावों में वोट डालना बहुत जरूरी होता है। लोकतंत्र में वोट डालना वोटरों का कर्तव्य और जिम्मेदारी बनती है। प्रत्येक मतदाता उस अधिकार का प्रयोग करें जोकि समाज, राज्य और देश की भलाई के लिए बहुत जरूरी है। जितना ज्यादा मतदान होगा, हमारा लोकतंत्र भी उतना ही ज्यादा मजबूत होगा। क्योंकि भारत एक लोकतांत्रिक देश है। जहां पर चाहे केंद्र की सरकार और चाहे किसी राज्य की, उसे चुनने का माध्यम एक वोट ही है। इसलिए इस देश में वोट की महत्ता बहुत ज्यादा है। इस महत्ता को ध्यान में रखते हुए ही अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। चुनाव आयोग के निर्देश पर अधिक से अधिक मतदान करवाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से तमाम पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। वोट का इस्तेमाल बिना की किसी भय और लालच से करना चाहिए। शपथ के दौरान महिला रागिनी देवी,आशा देवी,चिंता देवी,सविता देवी ने कहा कि लोकतंत्र में मत का महत्वपूर्ण भूमिका है।इसे व्यर्थ नही जाने देंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### धूमधाम से 10 मई को मनाया जाएगा परशुराम जयंती ,निकलेगी शोभायात्रा उपनगर गोला के वीएसएवी इंटर कालेज के प्रांगण में आयोजित होगा विविध कार्यक्रम

घनश्याम तिवारी

गोला बड़हलगंज गोरखपुर–उपनगर गोला के वीएसएवी इंटर कॉलेज के प्रांगण में आगामी 10 मई दिन शुक्रवार को भगवान परशुराम की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। इस दौरान विविध कार्यक्रम के साथ ही भव्य जागरुकता रैली का भी आयोजन किया गया है। जिसको लेकर कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी है।कार्यक्रम आयोजक परशुराम सेवा समिति के संरक्षक शार्दुल विक्रम तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम का जयंती मनाने की तैयारी चल रही है।उस दिन कालेज के प्रांगण में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उसी दिन भगवान परशुराम के कार्यों के प्रति जागरूकता हेतु एक शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी जो कार्यक्रम स्थल से रवाना होकर विभिन्न गांवों से होते हुए बड़हलगंज थाना क्षेत्र के मामखोर गांव में स्थित भगवान परशुराम के मंदिर पर समाप्त होगी। इस दौरान भगवान के पूजा अर्चना के बाद गरीब बच्चों में फल व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि समय सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर पुण्य के भागीदार बनें।

### पति को दुबई में बनाया बंधक महिला ने प्रशासन से पति की रिहाई को लेकर लगाई गुहार

घनश्याम तीवारी

गोला/बड़हलगंज गोरखपुर– गगहा क्षेत्र के सिहोड़वा गांव निवासी विजय गौड़ की पत्नी सुमन गगहा पुलिस को तहरीर देकर तीन लोगों पर पति को टूरिस्ट वीजा पर विदेश भेजकर बंधक बनाने और फिर पति को सही सलामती वतन वापसी के लिए महिला को लखनऊ स्थित होटल में रात गुजारने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। रविवार को थाना प्रभारी दीपक सिंह को घटना की जानकारी देते हुए पीड़िता ने बताया कि, उसी के गांव के एक व्यक्ति ने अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ पति को विदेश भेजने के नाम पर 80000 रूपये लेकर सात माह पहले टूरिस्ट वीजा पर विदेश यह कह कर भेज दिया कि, एक सप्ताह बाद 27 माह का वीजा लग जायेगा। वहां जाने के बाद पति को बिना वेतन दिये नौकरी करवाते रहे। एक सप्ताह पहले कुछ लोगों ने पति को बंधक बना लिया ।महिला का कहना है कि कुछ लोगों ने पति से वीडियो काल पर बात कराई और पति को घर भेजने के एवज में घर आकर एक लाख रूपये भी ले लिये। अब पैसा लेने के बाद लोग वाईस काल और विडियो काल कर उसको लखनऊस्थित बताये स्थान पर अकेले पहुंचने और फिर वहीं रात गुजारने का दबाव बना रहे हैं। इस संबंध में दीपक सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी महिला से मिली है जांच की जा रही। शिकायत के बाद नहीं हुई कार्यवाही पीड़ित महिला का कहना है कि इस संबंध में 13 मार्च को गजपुर चौकी पर गई थी। वहां से बरही चौकी और फिर झंगहा थाने पर गई थी जहां से आश्वासन देकर लौटा दिया गया।

### क्रिकेट खेल रहे युवक के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से हुआ मौत



महराजगंज : जनपद के पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मुजुरी मे मंगलवार को सुबह कुछ युवको के साथ क्रिकेट खेल रहे एक युवक के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से दर्दनाक मौत हो गयोजिससे ग्राम सभा मे घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो व ग्रामीण में कोहराम मच गयो प्राप्त जानकारी के अनुसार पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मुजुरी मे मंगलवार को सुबह कुछ युवको के साथ क्रिकेट खेल रहे 18 वर्षीय अमरनाथ पुत्र मन्नु के ऊपर आकाशीय बिजली गिरने से बुरी तरह से झुलस गया जिसकी घटना की जानकारी युवक के साथीयो ने परिजनो को दिया और आनन फानन मे इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनियरा ले गये जहॉ डाक्टरों ने युवक को मृतक घोषित कर दियोमौत की जानकारी मिलते ही परिजनो सहित ग्राम सभा मे कोहराम मच गयोयह घटना उस समय हुआ जब सुबह हल्का फुलका गरज के साथ बारिश हो रहा था उसी समय कुछ युवक क्रिकेट खेल रहे थे जिसमें मन्नु आकाशीय बिजली के चपेट मे आ गया जिससे मौत हो गयोमौत होने से परिजनो का रो रोकर बुरा हाल हो गया है ।

# दांव पर लगी कई दिग्गजों की साख, यादव परिवार के इन तीन सदस्यों की किस्मत भी E V M में होगई कैद

लोक तंत्र की आवाज

सुगंधा

**लखनऊ ।** तीसरे चरण के चुनाव में कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। मुलायम सिंह परिवार के तीन सदस्यों की किस्मत का फैसला भी यह चरण करेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आपका एक–एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रखता है। इसलिए प्रत्येक मतदाता इस उत्सव में अपने मत का प्रयोग कर गर्व की अनुभूति करें।

**दांव पर लगी कई दिग्गज:**

तीसरे चरण के चुनाव में कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। मुलायम सिंह परिवार के तीन सदस्यों की किस्मत का फैसला भी यह चरण करेगा। मैनपुरी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के खिलाफ योगी सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह चुनाव मैदान में हैं। शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव बदायूं से और प्रोफेसर रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव फिरोजाबाद से सपा के उम्मीदवार हैं। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल (आगरा), प्रदेश सरकार में मंत्री अनूप वाल्मीकि (हाथरस) की प्रतिष्ठा भी इस चरण में दांव पर है। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे राजवीर सिंह एटा से और छत्रपाल सिंह गंगवार से बरेली से चुनाव मैदान में हैं। फतेहपुर सीकरी में भाजपा के राजकुमार चाहर के खिलाफ कांग्रेस के रामनाथ सिकरवार भी मजबूती से डटे हैं।जहां तक मतदाताओं की होगी कतार, वहां तक छाया की व्यवस्था तीसरे चरण के चुनाव में पोलिंग बूथ पर मतदाताओं एवं मतदान कार्मिकों को गर्मी व लू से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदान केंद्रों पर जहां तक मतदाताओं की कतार होगी, वहां तक छाया और बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। मतदाताओं के लिए अलग से टेंट लगाया गया है। इसके अलावा मतदान केंद्रों पर मेडिकल किट (ओआरएस पैकेट सहित) के साथ ही पैरामेडिकल कर्मियों की तैनाती की गई है। मतदान केंद्रों पर शीतल पेयजल और शौचालय की व्यवस्था के साथ ही वृद्ध एवं दिव्यांगजन के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था भी की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आपका एक–एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रखता है। इसलिए प्रत्येक मतदाता इस उत्सव में अपने मत का प्रयोग कर गर्व की अनुभूति करें।

मैनपुरी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के खिलाफ योगी सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह चुनाव मैदान में हैं




## चन्दौली :नौनिहालों ने मतदाता जागरूकता को लेकर निकाली रैली




लोक तंत्र की आवाज़

रत्ना शुक्ला

**चकिया चन्दौली ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग चकिया के समस्त विद्यालयों पर निकाली गई रैली। ब्लॉक संसाधन केंद्र चकिया के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों में विभागीय दिशा निर्देश के क्रम में समस्त विद्यालयों पर शिक्षकों ने बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर अपने–अपने ग्राम पंचायत के मतदाताओं को जागरुक किया गया। चकिया खंड शिक्षा अधिकारी राम टहल ने जियनपुरा में बच्चों के मतदाता जागरूकता संबंधी रंगोली गीत बैनर कार्यक्रम को देखा एवं प्रभात फेरी में सम्मिलित होकर प्रतिभाग लिए। वही ब्लॉक अध्यक्ष अजय गुप्ता ने बताया की मतदाता जागरूकता रैली अभियान से निश्चित ही नए भारत का मजबूत लोकतंत्र होगा और मतदान प्रतिशत बढ़ने से राष्ट्र निर्माण में मजबूती आएगी।प्राथमिक विद्यालय चकिया प्रथम, द्वितीय, टकटकपुर, जियनपुरा भीषमपुर, ददरा, धरदे, समेत सभी विद्यालयों पर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में सहयोग करने वाले एआरपी बाबूलाल, अनिल यादव, दीपक द्विवेदी अनिल पटेल आशीष सिंह, रंजीत सिंह, रजनी जयसवाल, राजेश पटेल, आशुतोष, सुनील भारती, चकिया के समस्त अध्यापक शिक्षामित्र अनुदेशक सम्मिलित रहे'' न्यूज रिपोर्टर अंकित सैनी।

## बिमार अधिवक्ता साथी को बार कौंसिल की ओर से हरिशंकर सिंह ने दिया 25 हजार रुपये का चेक



लोक तंत्र की आवाज़

रत्ना शुक्ला

**वाराणसी ।** यूपी बार कौंसिल की ओर से नाटी इमली लेबर कालोनी निवासी अधिवक्ता रमेश नारायण पांडेय को हार्ट अटैक आने से बीमारी में लंबा खर्चा लगा। जिसके लिये बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन व सदस्य हरिशंकर सिंह ने मंगलवार को कचहरी स्थिति अपने चौकी पर 25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। चेक प्राप्त करने के बाद अधिवक्ता रमेश नारायण पांडेय ने हर्ष व्यक्ति करते हुए नेक कार्य के लिए हरिशंकर सिंह सहित पूरे बार काउंसिल का धन्यवाद दिया। बार कौंसिल के सदस्य व वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर सिंह ने बताया कि पहलें के कार्यालयों में सहायता राशि 10 हजार रुपये दी जाती थी उसको मैने अपने चेयरमैनी कार्यकाल में 25 हजार रुपये करवाया। उन्होंने कहा कि बार कौंसिल की तरफ़ से प्रदेश के अधिवक्ताओं के चिकित्सय सुविधा के लिए जैसे आंख खराब होने पर, ह्रदय रोग के लिए, हाथ पैर फैक्चर होने पर ये सहायता राशि दी जाती है। पीड़ित अधिवक्ताओं ने चेक प्राप्त कर खुश हुए और बार कौंसिल के सदस्य हरिशंकर सिंह का आभार प्रकट किया।

## नामांकन के पहले दिन नामांकन फामी का हुआ वितरण, किसी प्रत्याशी ने नहीं कराया नामांकन राजनैतिक दलों व निर्दल प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों द्वारा अब तक कुल लिए गए 25 नामांकन फार्म

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 हेतु लोकतंत्र के महापर्व में 71–सलेमपुर और 72–बलिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन हेतु आज पहले दिन कुल 25 प्रत्याशियों/प्रतिनिधियों को नामांकन फार्म वितरित किया गया। बलिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए रिटर्निंग आफिसर जिलाधिकारी रवींद्र कुमार और सलेमपुर के लिए रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज है। बलिया लोकसभा क्षेत्र के लिए 14 और सलेमपुर के लिए 11 नामांकन पत्र वितरित किया गया।आज दोनों लोकसभा क्षेत्र में से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था व बैरीकेडिंग के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। मुख्य गेट पर मेटल डिटेक्टर लगाये गये हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश दिया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये बैरिकेडिंग सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। पूरे दिन बैरिकेडिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग आदि का क्रम जारी रहा। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहा।



## प्राथमिक विद्दयालय ड्योढ़ा में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली सत्य और ईमान से सरकार बने मतदान से 1 जून को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए की गई अपील

लोक तंत्र की आवाज़




**चहनियां (चन्दौली)।** जिला निर्वाचन अधिकारी चन्दौली के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में समाज के हर तबके के मतदाताओं की भागीदारी हो, और बढ़ चढ़कर मतदान में हिस्सा लें, इसके लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय ड्योढ़ा के छात्र–छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकली ' । रैली के दौरान बच्चे,युवा हो तुम देश की शान, उठो जागो करो मतदान, युवा शक्ति के तीन काम, शिक्षा सेवा और मतदान, खाना बाद में खाएंगे, पहले वोट देने जाएंगे और भैया बहना भूल न जाना, वोट देने जरूर जाना, सत्य और ईमान से, सरकार बने मतदान से जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक फैयाज़ अहमद ने कहा कि मतदान लोकतांत्रिक व्यस्था की रीढ़ होता है। पांच साल में एक बार हमें यह मौका मिलता है कि हम अपना जन प्रतिनिधि चुन सकें। हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। इसके लिए मतदाताओं से डोर टू डोर मिलकर उनसे जाति, धर्म, सम्प्रदाय, भाषावाद, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर एक अच्छे व्यक्ति के पक्ष में एक जून को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है। उन्होंनें आगे कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है। इसलिए इसका प्रयोग बहुत सोच समझकर करना चाहिए। जब मतदान में सबकी सहभागिता रहेगी, तभी जिले का मत प्रतिशत बढ़ेगा और हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा । इसके लिए बच्चों द्वारा आज यह जागरूकता रैली निकाली गई।

इस अवसर पर आशुतोष सिंह, सरोज यादव,प्रीतम मिश्रा, कामिनी तिवारी, गीता देवी, उर्मिला देवी आदि शिक्षक कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे '

## कुत्ता काटने की सुई में धन उगाही का मामला फार्मासिस्ट और अधीक्षक के ऊपर आरोप

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पर एक व्यक्ति द्वारा फार्मासिस्ट के साथ दुर्व्यवहार किए जाने के बाद चिकित्सकों तथा अन्य कर्मचारियों ने ओपीडी किया ठप और धरने पर बैठे गए । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर पर मंगलवार की सुबह में आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर के डुमानपुरा मोहल्ला निवासी संतोष पांडे द्वारा सीएचसी पर तैनात फार्मासिस्ट के द्वारा गाली गलौज तथा दुर्व्यवहार किए जाने के बाद चिकित्सक तथा कर्मचारियों ने कार्य ठप कर दिया। वहीं चिकित्सक सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा ओपीडी बंद कर धरने पर बैठ जाने से दर्जनों की संख्या में इलाज हेतु पहुंचे मरीजों तथा तीमारदारो इधर–उधर भटकते नजर आए। इस संबंध में अधीक्षक संदीप गुप्ता ने बताया कि आदर्श नगर पंचायत सिकंदरपुर के दोमानपुरा निवासी संतोष पांडे द्वारा तैनात फार्मासिस्ट अशोक कुमार यादव के साथ गाली गलौज शुरू कर दिया गया जिसे लेकर सभी कर्मचारियों में आक्रोश पैदा हो गया, जिसको लेकर सभी चिकित्सकों ने ओपीडी बंद कर दिया तथा कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार कर धरने पर बैठ गए। वहीं संतोष पांडे द्वारा भी फार्मासिस्ट पर कुत्ता काटने की सुई में धन उगाही का आरोप लगाया गया। और खुद संतोष पांडे धरना दे रहे स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ भी धरने पर बैठ गया। और जोर जोर से कहने लगा कि रोज कुत्ते काटने की सुई में 30 रुपया लिया जाता है । बाद में सुलह समझौते के बाद सभी चिकित्सक अपने कार्य पर लौटे तथा कर्मचारी भी अपने कार्य पर लौट गए। लगभग एक घंटा तक यह कार्य चलता रहा धरने में शामिल डॉ संदीप गुप्ता अधीक्षक, डॉरामकिशुन, डॉ राजेश आर्य ,अशोक यादव फार्मासिस्ट ,पुष्कर राय, आदि मौजूद रहे ।




## तेल व्यवसायी की गद्दी से नकदी व लैपटॉप चोरी, जांच में जुटी पुलिस

लोक तंत्र की आवाज़

रत्ना शुक्ला

**वाराणसी ।** शहर में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं। आए दिन होने वाली चोरी की वारदातों से शहर के लोग खौफजदा हैं। चोरों की निगाहें दुकानों, खेत खलिहानों और मकानों पर लगी हैं। हर दूसरे दिन चोर किसी न किसी दुकान या मकान को निशाना बना रहे हैं। डेढ़ माह के दौरान चोर लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर चुके हैं। यह मामले पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हैं। चोरी की घटनाओं ने भी पुलिस सुरक्षा की पोल खोल कर रख दी है। हालांकि कुछ घटनाओं पर पुलिस ने काबू कर लिया है। ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के मच्छोदरी पार्क का है। यहा एक तेल व्यवसायी की गद्दी से नकदी व लैपटॉप चोरी की घटना प्रकाश में आयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी। प्रकरण के मुताबिक रविन्द्रपुरी कालोनी, भेलूपुर निवासी तेल व्यवसायी अंकित अग्रवाल ने कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। आरोप है कि उनकी मच्छोदरी स्थित अशोक केमिकल की दुकान है। 5 मई को स्टाफ जितेश पांडेय ने पिता जी को फोन कर बताया कि वह जैसे ही दुकान गद्दी खोला तो देखा कि गद्दी पर पूरी तरह से जूते चप्पल के गंदे निशान है। गद्दी पर रखा गल्ले की पेटी गायब है। गद्दी पर लगी आलमारी टूटी एवं खुली है। गद्दी से लगे कमरे में, जिसमे की तिजोरी रहती है उस कमरे का ताला टूटा हुआ है तथा उसमे रखी तिजोरी टूटी एवं खुली पड़ी है। पिता जी के बताने के बाद मैं तुंरत अपने भाई अनुराग अग्रवाल के साथ मच्छोदरी स्थित गद्दी गया। देखा कि गद्दी का ताला टूटा हुआ है, सब सामान अस्त–व्यस्त पड़ा हुआ है। हमलोगों ने मौका मुआइना किया और पाया कि मकान के छत पे लगा दरवाजा, घर के पीछे गली से आने का एक और दरवाजा का ताला तथा कुंडी टूटी हुई है तथा तिजोरी वाले कमरे के बगल के कमरे से मेरे भाई अनुराग अग्रवाल के मकान की तरफ दीवार पर लगे रोशनदान भी टूटा हुआ है। देखने पर ज्ञात हुआ की गद्दी के दीवाल पर लगी एक अलमारी में रखा 132469 रुपए, एक लैपटॉप बैग जिसमें रखा लैपटॉप, मेरी फॉर्म अशोक केमिकल एजेंसी तथा मेरे भाई के फॉर्म में श्री बजरंग आईल मिल्स का कुछ लेखा–जोखा संबंधित सभी मूल्यवान दस्तावेज, सभी हाई डिस्क, सभी पेन ड्राइव तथा गद्दी के ऊपर लगा कैमरा, गद्दी के लगे कैमरे में रखा डीवीआर एवं डीवीआर की हार्ड डिस्क इत्यादि कर गद्दी में ऊपर छत के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरी कर लिया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह ने बताया कि मामला प्रकाश में आया है। मुक़दमा लिख दिया गाया है।पुलिस टीम लगी है, विवेचना चल रही है।

## लोकसभा चुनाव : खामोश मतदाता ,जातिवादी चुनावी महौल ने बिगाड़ा समीकरण

लोक तंत्र की आवाज़

नीरज कुमार मिश्र की रिपोर्ट

**महराजगंज ।** पूर्वी उत्तर प्रदेश के पिछड़े जिलों में शामिल महाराजगंज का इतिहास बेहद समृद्ध रहा है। आजादी के बाद लोकसभा में यहां का पहला प्रतिनिधित्व शिक्षाविद, स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता शिब्बन लाल सक्सेना ने किया। वह संविधान सभा के सदस्य भी रहे। इसके बाद अखिलेश सिंह ,हर्षवर्धन सिंह,जितेन्द्र सिंह,सहित पंकज चौधरी भाजपा के टिकट से छह बार सांसद रहे। जो जनपद के 19 लाख वोटर वाले महराजगंज संसदीय क्षेत्र में कुर्मी वोटरों की संख्या करीब तीन लाख है। महराजगंज संसदीय सीट के अंतर्गत फरेंदा, नौतनवां, सिसवा, महाराजगंज और पनियरा विधान सभा क्षेत्र आते हैं। जिले की आबादी 26.8 लाख है। यहां की औसत साक्षरता दर 52.86% है



जिसमें पुरुषों की साक्षरता दर 63.81% और महिलाओं की साक्षरता दर 41.25% है। स्?थानीय मुद्दों में औद्योगिक विकास और मूलभूत संसाधनों की कमी है, विकास की धीमी गति और शिक्षा और बेरोजगारी है। महाराजगंज की खास बातें महाराजगंज, उत्तर प्रदेश लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। जिले का मुख्यालय महाराजगंज है। यह भारत–नेपाल सीमा के समीप स्थित है। यह जिला नेपाल के दक्षिण, गोरखपुर जिले के उत्तर, कुशीनगर जिले के पश्चिम सिद्धार्थ नगर के पूर्व और सन्त कबीर नगर जिले के उत्तर–पूर्व में स्थित है। ऐतिहासिक दृष्टि से भी यह काफी महत्वपूर्ण स्थल है। इटहिया शिव मंदिर, लेहदा मंदिर, देवी का मंदिर लेहड़ा, महेशियन का विष्णु मंदिर, बोकरा देवी मंदिर, सोना देवी मंदिर, सोहागी बरवा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। दिल्ली से महारगंज की दूरी 857.8 किलोमीटर है।यही बात चुनावी महौल पर करे तो जनपद मे पुरुष मतदाता 1023652,महिला मतदाता 891493 ,कुल मतदाता 1915408 ,है जिसमे होने वाले लोकसभा चुनाव मे खामोश मतदाता ,जातिवादी चुनावी महौल ने समीकरण को बिगाड़ कर रख दिया इस बार लोकसभा चुनाव में मौजूदा सांसद पंकज चौधरी के अलावा इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के विधायक वीरेंद्र चौधरी बसपा से मौसमे आलम ,और पूर्व सांसद कुवर अखिलेश सिंह पूर्वाच्चल किसान यूनियन से चुनावी दंगल में आ रहे है जो कुर्मी बिरादरी के मतदाताओ की बटवारे व दलित ,मुस्लिम जाति कि वोट पर बसपा प्रत्याशी मौसमे आलम हाबी हो रहा है तो वही नौतनवा व सदर तथा सिसवा मे अखिलेश सिंह के पर्सनल वोट बैक का भी प्रभाव चुनावी महौल को झकझोर कर रख दिया है इसी प्रकार सभी प्रत्याशी की नजर समान्य वर्ग पर टिकी है ।

आज से होगे लोकसभा चुनाव के नामांकन महाराजगंज जनपद में सातवें चरण में होने वाले मतदान के लिए नामांकन सात मई से शुरू हो जाएंगे. बता दें कि जनपद से नौवीं बार केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं तो वहीं इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के विधायक वीरेंद्र चौधरी ताल ठोकते हुए नजर आ रहे हैं.तथा पूर्व सांसद अखिलेश सिंह भी चुनावी समर मे आने से मौहौल गरम होता नजर आ रहा है वहीं, नामांकन को लेकर डीएम अनुनय झा ने बताया कि तैयारी पूरी कर ली गई है. नामांकन स्थल से 100 मीटर की दूरी तक ही प्रत्याशी के साथ वाहन जा सकेंगे. इसके बाद प्रत्याशी को पैदल ही नामांकन कराने जाना होगा. प्रत्याशी के साथ अधिकतम पांच लोग ही जा सकते हैं. डीएम ने बताया कि मतदाता जागरूकता को लेकर अलग–अलग तरीके से अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है. एक जून को ज्यादा से ज्यादा मतदान हो सके इसके लिए तैयारी की जा रही है.पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि 7 मई से होने वाले नामांकन को लेकर नामांकन स्थल पर 170 पुलिसकर्मियों को तैनात किए जाएगा. इसके अलावा नेपाल से सटी 84 किलोमीटर की सीमा पर भी मुस्तैदी रखी जाएगी. सीसीटीवी कैमरे से पूरी नजर रखी जाएगी. इसके अलावा अतिरिक्त फोर्स भी तैनात की जाएगी ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### छात्र समस्याओं को लेकर जेपीयू कुलपति से मिला युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



छपरा (सारण)। मंगलवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल संगठन के पदाधिकारी अमित नयन के नेतृत्व में जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रवीण कुमार बाजपेई से मिला। डिग्री सर्टिफिकेट, सत्र को नियमित करने आदि विभिन्न समस्याओं को लेकर गंभीर वार्ता की। जेपीयू कुलपति प्रो प्रमेंद्र कुमार बाजपेई ने कहा कि जेपीयू की सूरते हाल को बदलने के लिए मैं लगातार प्रयास कर रहा हूं। डिग्री सर्टिफिकेट जल्द से जल्द छात्रों को उपलब्ध हो इसके लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। संगठन के पदाधिकारी अमित नयन ने कहा कि छात्रों को डिग्री समय पर मिले इसको लेकर आपसे युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा आशान्वित है। सभी महाविद्यालय में वर्ग का संचालन सही से हो इसकी हम आपसे अपील करते हैं। वहीं संगठन के पदाधिकारी सद्दाब मजहरी ने कहा कि छात्रों की शैक्षणिक स्थिति बेहतर हो इसका हम सभी प्रयास कर रहे हैं। इसको लेकर आपसी आशान्वित हैं। कुलपति से मिलने वाले शिष्टमंडल में अमित नयन, शादाब मजहरी, सिंपी कुमारी सिंह, नंदिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, सनी कुमार, विकी कुमारी, रजनी, प्रिया आदि मौजूद थे।

### नामांकन प्रक्रिया के उपरांत उपायुक्त में सुनी आम जनों की समस्या

**मामलोत सेख**



साहिबगंज समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त हेमंत सती ने लोक सभा चुनाव- 2024 नामांकन प्रक्रिया के उपरांत जनता दरबार के माध्यम से जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिला के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जल्द प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

### महिला हत्या का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

एकमा (सारण)। थाना क्षेत्र के पचुआ पंचायत के गंगवा गांव में पिछले शनिवार को पड़ोसियों द्वारा एक 60 वर्षीय महिला की हत्या के मुख्य आरोपित को एकमा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि उक्त महिला की हत्या मामले के मुख्य आरोपित मंटू महतो को एकमा बाजार से पुलिस ने उस वक्त गिरफ्तार किया, जब वह किसी दूसरे शहर में भागने के फिराक में था। बताया गया है कि गिरफ्तार अभियुक्त पर धारदार हथियार से सिर पर मार कर 60 वर्षीय महिला शिवपति कुंवर की हत्या करने का आरोप है। बताते हैं कि आरोपित अभियुक्त मंटू महतो को एकमा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर थाने लाकर आवश्यक पूछताछ कर रही है। विधिक कार्रवाई के बाद बुधवार की सुबह पुलिस आरोपित को जेल भेजने की कार्रवाई करेगी। उल्लेखनीय है कि महिला की हत्या के दौरान बचाव के लिए पहुंची उसकी पुत्री चंदा कुमारी

# साहेबगंज स्थित ओझा टोली घाट में उप विकास आयुक्त, के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

लोकतंत्र की आवाज

**सोन्स सभा का आयोजन कर हैसटैग कम्पेन का किया गया शुभारंभ**



साहिबगंज। हैसटैग कम्पेन मे भाग लेने हेतु यात्रियों के साथ-साथ बीएलओ तथा एस एच जी के दीदी के अलावे वहा उपस्थित महिला एवं पुरुष एवं ग्रामीण से किया गया अपील जानकारी देते हुए उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांक ने कहा की इस बार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से हर वर्ग के मतदाता के टारगेट कर गतिविधि आयोजित की जा रही है जिससे जिले का मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। साथ ही साथ स्टिमर मे उपस्थित सभी यात्रियों से अपील किया कि चुनाव आयोग के द्वारा आगामी 7 मई को समय 6:00 बजे अपराहन से लेकर 8:00 बजे अपराह्न तक एक हैसटैग कैंपेन चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जिलेवासी मतदाता जागरूकता संबंधी संदेश जैसे फोटोग्राफ या वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से हैसटैग लगाकर पोस्ट करेंगे जिससे कि पूरे जिले में जन जागरूकता का एक माहौल तैयार हो सके। साथ ही साथ सोंस सभा के माध्यम से 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले मतदान केन्द्रो मे टीम के द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा मे कार्य किया जायेगा। इसी क्रम में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया की जिले के 78 ग्रामो मे बिशेष रूप से सोंस सभा का आयोजन कर डॉल्फिन यानी सोंस की सुरक्षा के साथ- साथ मतदाताओं को भी जागरूक किया जायेगा की आगामी 1 जून 2024 को लोग अपने अपने घरों से निकल कर वोट देने मतदान केंद्र जरूर आये। अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज ने कहा की लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बनना हम सभी का कर्तव्य है और ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान के दिन लोग मतदान प्रक्रिया में भाग लेने हेतु मतदान केंद्र में जरूर पहुंचे।चर्चा में अपनी बात रखते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं के बीच यह संदेश दिया कि हर हाल में आगामी 1 जून 2024 को अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदान प्रक्रिया में जरूर भाग ले। चुनावी चर्चा के दौरान जिला खेल पदाधिकारी राजमहल मॉडल महाविद्यालय राजमहल के श्री रंजीत सिंह नगर प्रसाशक साहेबगंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी साहेबगंज, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी साहेबगंज एवं अन्य ने भाग लिया।

सभी यात्रियों ने लिया मतदान संकल्प फेरी सेवा में संचालित स्टीमर में उप विकास आयुक्त ने सवार सभी यात्रियों को मतदान प्रतिज्ञा संकल्प दिलवाया सभी यात्रियों ने यह संकल्प लिया कि आगामी 1 जून 2024 को होने वाले मतदान के दिन वह मतदान केंद्र में जाकर वोट जरुर डालेंगे।मौके पर उप विकास आयुक्त साहिबगंज, श्री सतीश चंद्रा, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, श्री मनीष तिवारी, अनुमंडल पदाधिकारी श्री अंकारनाथ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार राजमहल मॉडल महविद्यालय राजमहल के श्री रंजीत सिंह जिला समन्वयक एसबीएम श्री आशीष यादव के साथ-साथ स्विप सेल के सभी कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## थैलेसीमिया से प्रभावित माता और पिता द्वारा हस्तांतरित होने वाली अनुवांशिक बीमारी: सिविल सर्जन

लोकतंत्र की आवाज

**छपरा (प्रो अजीत कुमार सिंह सेंगर)।** थैलेसीमिया रक्त से संबंधित एक गंभीर अनुवांशिक बीमारी है। जो रक्त कोशिकाओं के कमजोर व नष्ट होने के कारण होती है। हालांकि यह बीमार माता और पिता के द्वारा उनके बच्चों में आसानी से फैलता है। अमूमन ऐसा देखा जाता है कि बच्चों में तीन से छः महीने के बाद ही इस रोग का पता चल जाता है। जिस कारण इस बीमारी से बच्चे के शरीर में रक्त की कमी होने लगती है। हालांकि समय पर उचित उपचार नहीं मिलने से बच्चे की मौत हो जाती है। इस गंभीर रोग के प्रति आम लोगों का ध्यान आकृष्ट कराने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 08 मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस के रूप में मनाया जाता है। थैलेसीमिया से पीड़ित रोगियों को सामान्य व्यक्ति की तरह जीवन यापन के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करने के उद्देश्य यह दिवस खास महत्व रखता है।

**थैलेसीमिया से प्रभावित माता और पिता द्वारा हस्तांतरित होने वाली अनुवांशिक बीमारी:** सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रक्त विकार है। जो प्रभावित माता और पिता से बच्चों में पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होते रहता है। इस रोग की वजह से बीमार व्यक्ति के शरीर में लाल रक्त कण में पर्याप्त मात्रा में हीमोग्लोबिन नहीं बन पाता है। जिस कारण रोगी एनीमिया के शिकार हो जाते हैं। रोगियों को जीवित रहने के लिए प्रत्येक दो से तीन सप्ताह के अंतराल पर रक्त चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। सबसे खास बात यह है कि आमतौर पर थैलेसीमिया दो प्रकार के होते हैं। माता या पिता में से किसी एक के क्रोमोजोम में खराबी होती तो बच्चा माइनर थैलेसीमिया का शिकार होता है। लेकिन अगर माता व पिता दोनों के क्रोमोजोम में खराबी है तो इससे मेजर थैलेसीमिया की स्थिति बनती है। शादी से पूर्व लड़का और लड़की दोनों को अनिवार्य रूप से रक्त जांच कराना जरूरी, अन्यथा गर्भधारण के आठ से ग्यारह सप्ताह के अंदर डीएनए की जांच होनी चाहिएः नोडल अधिकारी सदर अस्पताल परिसर स्थित रक्त केंद्र की नोडल अधिकारी सह महिला रोग विशेषज्ञ डॉ किरण ओझा ने कहा कि शादी से पूर्व लड़का और लड़की दोनों को अनिवार्य रूप से ब्लड जांच कराना जरूरी होता है। बगैर रक्त की जांच कराए शादी होती है तो गर्भधारण के आठ से ग्यारह सप्ताह के अंदर डीएनए की जांच होनी चाहिए। क्योंकि माइनर थैलेसीमिया के मरीज सामान्य व्यक्ति की तरह अपना जीवन व्यतीत करता है। हालांकि बगैर खून जांच कराए रोग के संबंध में उसे कुछ पता नहीं चलता है। ऐसे में अगर पति- पत्नी शादी से पहले अपने रक्त की जांच करा लें तो काफी हद तक इस अनुवांशिक रोग से पीड़ित होने से बच्चे को बचाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि कमजोरी, थकावट, पेट में सूजन, डार्क यूरिन, त्वचा का रंग पीला पड़ना इस रोग के सामान्य लक्षण हैं। लेकिन बोन मैरो प्रत्यारोपण से रोग का इलाज संभव है। इसके अलावा आज उपचार की अन्य तकनीक भी विकसित हो चुकी है। जिससे रोग पीड़ित व्यक्ति भी लंबी जिंदगी व्यतीत कर रहे हैं। जिले में फिलहाल थैलेसीमिया के 43 मरीजः धर्मवीर कुमार सदर अस्पताल परिसर स्थित रक्त केंद्र के प्रयोगशाला प्रावैधिक धर्मवीर कुमार ने बताया कि जिले में फिलहाल थैलेसीमिया के 43 मरीज है। जिसमें अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक 36 मरीज जबकि केवल अप्रैल 2024 में 07 थैलेसीमिया बीमारी से ग्रसित मरीजों की संख्या है।

## विश्व एथलेटिक्स दिवस पर खेल कूद कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**



पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम गोपालि चक में विश्व एथलेटिक्स दिवस के शुभ अवसर पर एथलेटिक्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमे 100 मीटर रेस बालक वर्ग में प्रथम स्थान गुलरेज,द्वितीय स्थान पर राहुल तृतीय स्थान पर करन रहे। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर काजल, द्वितीय स्थान पर मोनी, तृतीय स्थान पर रिया रही। गोला फेंक बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर अजय,द्वितीय स्थान पर राहुल तृतीय स्थान पर उत्तम रहे। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर सोनाक्षी ,द्वितीय स्थान पर अन्नू तृतीय स्थान पर सिमरन रही। वही कार्यक्रम के निर्णायक की भूमिका में सर्वोत्तम कुमार शर्मा, अंकज मंडल,नीतीश कुमार रहे। वही कार्यक्रम का शुभारंभ और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शिक्षक सिकंदर यादव,मुकेश यादव,अरुण मंडल,विद्यानंद सिंह, रूपेश , उज्जवल, राहुल, करन सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मुंगेर में कूड़े के ढेर पर मिला हैंड ग्रेनाइट, लोगों में दशक

लोकतंत्र की आवाज



मुंगेर। मुंगेर लोकसभा सीट पर 2024 के लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। चुनाव को लेकर जगह-जगह रैलियां हो रही हैं। सभी राजनीतिक प्रत्याशी क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी बीच मुंगेर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 के रैसर टोला में कूड़े के ढेर में हैंड ग्रेनेड मिलने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। बम मिलने की सूचना स्थानीय वासुदेवपुर थाने की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची वासुदेवपुर थाने की पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और बम निरोधक दस्ते को सूचना दी।

**कूड़े के ढेर पर बच्चों ने देखा बम तो मचाया शोर:** मिली जानकारी के मुताबिक, कूड़े के ढेर के पास कुछ बच्चे प्लास्टिक की बोतल चुनने गए हुए थे। बच्चों को वहां अजीब सी गोल चीज दिखाई दी। जब वो नजदीक गए तो हेंड ग्रेनेड दिखाई दिया। इसके बाद बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। उन लोगों ने देखा कि कूड़े के ढेर पर एक हैंड ग्रेनेड है। लोगों ने वासुदेवपुर थाना को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फिर घटना स्थल बम स्क्वाड टीम को बुलाया गया।लगभग 02 घंटे के बाद बम स्क्वाड के टीम पहुंची और उस हैंड ग्रेनेड को अपने एक बॉक्स में रखा और साथ लेकर चली गई।

**बम मिला, बम मिला की आवाज आ रही थी : महिला** रौसद नामक महिला ने बताया कि बम मिला, बम मिला, की काफी जोर से आवाज आ रही थी। तभी हम घर से बाहर आए तो देखा कूड़े के ढेर के पास काफी भीड़ है। आगे जाकर देखा तो सही में बम उस कूड़े के ढेर पर पड़ा हुआ है।

**बम स्क्वाड की टीम हैंड ग्रेनेड को ले गईः एसडीपीओः** सदर एसडीपीओ राजेश कुमार ने बताया कि बम की सूचना पर पुलिस बल के साथ घटना स्थल लर पहुंचे तो वहां एक हैंड ग्रेनेड था। बम स्क्वाड की टीम को बुलाया गया। टीम बम को अपने कब्जे में लेकर चली गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, आखिर ये हैंड ग्रेनेड यहां कहां से आया। जांच के दौरान जो निकल सामने आएगा, उसके मुताबिक आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जेएमएम के एक और बागी विधायक ने लोकसभा चुनाव में किया नमांकन दर्ज़, हजारों समर्थको ने नमांकन का किया स्वागत

लोकतंत्र की आवाज

**● बोरियो विधायक लोबिन हेमब्रेम ने राजमहल सीट से भरा पर्चा**



बरहड़वा। झारखण्ड जिले के राजमहल लोकसभा सीट से बोरियो से जेएमएम विधायक लोबिन हेमब्रेम ने पार्टी से बगावत कर दिया है। निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लोबिन हेंब्रम ने नमांकन के पहले ही दिन अपना नमांकन दाखिल कर दिया है। लोबिन हेम्ब्रम 5 बार के विधायक है और राजमहल क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ बताई जाती है। आज नमांकन कार्यक्रम में भी हजारों की संख्या में समर्थको ने लोबिन हेमब्रेम के नामांकन को अपना समर्थन दिया। लोबिन हेमब्रेम के पार्टी से बगावत करने से राजमहल सीट पर चुनाव दिलचस्प हो गया है। और जानकारों का मानना है कि ये इंडिया गठबन्धन के लिए शुभ संकेत नहीं है, कही न कही इसका फायदा बीजेपी को मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि जेएमएम ने बागी विधायको को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया है, इसी कड़ी में लोहरदगा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनावी समर में कूदे जेएमएम विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। जल्दी ही पार्टी लोबिन हेंब्रम के खिलाफ भी कठोर करवाई कर सकती है।

## शराब माफिया के द्वारा उत्पाद विभाग के चालक को कुआं में धकेलने से हुई मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज




मुंगेर। नीतीश सरकार बिहार भले ही बिहार में पूर्ण शराबबंदी का दावा करें, लेकिन इसकी हकीकत कुछ और ही बयान कर रही है। मुंगेर जिले के धरहरा, लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब का निर्माण चप्पे-चप्पे में हो रही है। इसी पर रोक लगाने के उद्देश्य मंगलवार सुबह धरहरा थाना क्षेत्र के दशरथी बहियार में उत्पाद विभाग की टीम शराब माफिया को पकड़ने पहुंची। उत्पाद विभाग की पुलिस को देखते ही शराब तस्कर भागने लगे, शराब माफिया को पकड़ने के लिए ड्यूटी में तैनात एसआई ने उत्पाद विभाग के चालक को निर्देश दिया। निर्देश मिलते ही चालक ने शराब माफिया को खदेड़ने लगा,इसी दौरान शराब माफिया ने आबकारी विभाग के चालक को कुंए में धकेल कर फरार हो गया। उत्पाद विभाग की टीम दूर होने के कारण जब तक कुंआ तक पुलिस पहुंचती तब तक चालक की मौत हो चुकी थी। कुंआ पुलिस को धकेलने की खबर आग की तरह फैल गई। पुलिस आनन-फानन में झगगड़ से चालक के शव को कुंआ स निकाल कर रेडक्रॉस अस्पताल दशरथपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया।

**चालक के परिजनों मचा कोहराम, किया हंगामाः** मृतक का शव मुंगेर पहुंचते ही मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने उत्पाद विभाग के पुलिस को घेर लिया। और शव को अपने कब्जे में लेते हुए मुआवजा की मांग करने लगे। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहन के शीशा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मृतक राकेश कुमार चौधरी के पिता ने बताया कि मेरा पुत्र उत्पाद विभाग की गाड़ी चलाकर का परिवार चलाता था। दो वर्ष पूर्व शादी हुई थी, दो माह की एक बच्ची है। उत्पाद विभाग मुआवजा नहीं देना चाहती है।

## लोजपा (आर) के सुप्रीमो चिराग पासवान के लिए मुंगेर संसदीय सीट बना लिटमस टेस्ट

लोकतंत्र की आवाज

**संसदीय चुनाव में चिराग पासवान का नहीं दिख रहा है जलवा, उनके अपने ही जाति के लोग हैं खफा**



मुंगेर : लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का जलवा अपने ही जाति ( पासवान ) में मुंगेर संसदीय सीट पर देखने को नहीं मिल रहा है चिराग से पासवान जाति के लोग इस सीट पर खासे नाराज दिखाई पड़ रहे हैं. कारण चाहे जो भी हो, लेकिन वर्ष 2024 के संसदीय चुनाव में पासवान जाति का मूड बदला - बदला सा दिखाई पड़ रहा है. ऐसे तो दलित - महादलित जाति के लोग नाराजगी के कई कारण की गिनाते हैं, लेकिन जो प्रमुख कारण उभर कर सामने आ रहा है वह भाजपा के साथ गठबंधन किया जाना है. बताते चले कि मुंगेर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत 06 विधानसभा जमालपुर, मुंगेर सूर्यगढा, लखीसराय, बाढ़ तथा मोकामा क्षेत्र में पासवान जाति का मत निर्णायक भूमिका में है. कहा जाता है कि पासवान जाति के लोग चुनाव मे जिधर जाते हैं, उसकी जीत होती रही है. मुंगेर संसदीय क्षेत्र में पासवान जाति वोट डेढ़ लाख से 02 लाख मतदाता हैं, वही महादलित मतदाताओं की संख्या 01 लाख से अधिक है. पासवान जाति के मतदाताओं का कहना है कि चिराग पासवान को सिर्फ चुनाव के वक्त अपना जात याद आता है.उसके बाद भूल जाते हैं कि पासवान जाति को. मुंगेर नौवागढी क्षेत्र के देवकी पासवान कहते हैं कि रामविलाश पासवान का जमाना कुछ और था, अब पासवान जाति के लोग चिराग पासवान के कथनी और करनी को समझ चुके हैं.इसलिए अधिकांश दलित महादलित के लोग उनके बातों में आने वाले नहीं हैं. हम सभी राजद को वोट करेंगे. इस बार के संसदीय चुनाव में पासवान जाति के मतदाताओं के बदले बदले मूड को भाप कर पासवान जाति से आने वाले राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार रूठे मतदाताओं को जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के पक्ष में गोलबंद करने के लिए मुंगेर पहुंचे. नौवागढी क्षेत्र के नया टोला भगतचौकी गांव में आयोजित सभा मे शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने निवर्तमान सांसद ललन सिंह को समर्थन देने का अपील पासवान जाति के लोगों से किया. उनकी सभा में जो भीड़ की उम्मीद थी वह देखने को नहीं मिला. पासवान जाति के लोगों में कोई दिलचस्पी दिखाई नहीं पड़ी. शिक्षा मंत्री के साथ मुंगेर के संग्रामपुर प्रखंड की जिला परिषद सदस्य बयूटी विश्वास भी थी. सभा में लोगों की कम उपस्थिति से शिक्षा मंत्री सुनील कुमार तथा उनके साथ चल रहे दलित महादलित जाति से आने वाले अन्य जनप्रतिनिधि मायूस दिखे. वहां से निकलने के बाद शिक्षा मंत्री आदर्श ग्राम बोचाही गांव गए, जहां उन्होंने भोजन किया. शिक्षा मंत्री का काफिलाकलारामपुर, बरियारपुर, कल्याणपुर होते हुए घोरघट तक गई. इन दलित गांवो में भी शिक्षा मंत्री ने पासवान जाति के लोगों से बातचीत की और ललन सिंह को वोट देने का आग्रह किया, लेकिन शिक्षा मंत्री के बातों का कोई असर पासवान जाति के लोगों प दूर-दूर तक दिखाई नहीं पड़ा.दलित महादलित इलाकों में पासवान जाति से आने वाले सुनील कुमार के कार्यक्रम की चर्चा इलाके में दिनभर होती रही.बताते चले कि नया टोला भगत चौकी में जिस स्थान पर शिक्षा मंत्री का कार्यक्रम आयोजित था, वही बगल में जिला परिषद सदस्य बयूटी विश्वास का मायका है. इसके बावजूद भी शिक्षा मंत्री के सभा में लोगों की कम उपस्थिति भी चर्चा का विषय बनी रही।

## जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया

लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**



पीरपैंती। भिखनपुर मोहल्ला निवासी समाजसेविका सिवानी देवी की अगुवाई में सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच खाने-पीने की चीजों का वितरण किया गया ।उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को सहयोग करने में सुकून मिलता हैं। हम और हमारी महिलाओं एवं युवाओं की टीम जरूरतमंदों की सेवा करने के लिए उत्साहित और अग्रसर रहते हैं ।वही उपस्थित इंजीनियर प्रगति ने बताया कि जरूरतमंदों की मदद हर सक्षम व्यक्ति को करना चाहिए।ईश्वर की कृपा और अपनी मेहनत की वजह से हमे जो सुख सुविधाएँ मिली हैं, उसमे से ही थोड़ा सा निकाल कर अगर जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के बीच सहयोग कर दे तो कुछ घटेगा नहीं बल्कि आत्मसंतुष्टि मिलेगी। स्वयं के अंदर एक अच्छी अनुभूति होगी। क्यूंकि आपके एक छोटे से प्रयास से काफी लोगों को सहयोग और खुशी मिलती हैं। इस अवसर पर इंजिनियर प्रगति, इंजिनियर काजल, निशा कुमारी, रोहित, सक्षम एवं सरबजीत सिंह उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः लोकसभा चुनाव को लेकर प्रतिनियुक्त किए गए, मतदान कर्मियों को दूसरे रेंडमाइजेशन का कार्य पूर्ण कराया गयाः डीएम




ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त 03–पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र के प्रेक्षक हर्षवर्धन एवं 04–शिवहर संसदीय क्षेत्र के प्रेक्षक डॉ कैलाश बाबूराव शिंदे की उपस्थिति में समाहरणालय स्थित एनआईसी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण श्री सौरभ जोरवाल के द्वारा लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रतिनियुक्त किए गए मतदान कर्मियों के दूसरे रेंडमाइजेशन का कार्य पूर्ण कराई गई। मंगलवार को विधानसभा वार मतदान कर्मियों का रेंडमाइजेशन कर दिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री समीर सौरभ, नगर आयुक्त श्री सौरभ सुमन यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिकराहना( ढाका ) उपस्थित थे।

### जमीनी विवाद में महिला की हुई हत्या गांव में फैला आक्रोश एक दिन पूर्व हतयारो ने भाई को पिट पिट कर किया था धायल



क्षितिज राज
बेतिया। गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरैनानिया पंचायत के वार्ड नंबर 2 में मंगलवार को दिन जमीनी विवाद में अपराधियों ने सुगया देवी पति राजा भगत उम्र 55 वर्ष को सोते समय गला दबाकर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया इस संबंध में परिजनों ने बताया कि सहदेव राम से जमीनी विवाद मृतका के भाई शिव प्रसाद से चल रहा था घटना के एक दिन सहदेव राम एव उनके भाई भोला राम, सतोष राम, मनोहर राम एवं अन्य ने शिवप्रसाद को मार मार कर बुरी तरह घायल कर दिए थे जिनका इलाज जीएमसीएच बेतिया में चल रहा है ठिक उसके अगले दिन आरोपियों ने रात्रि में सोते समय सुगया देवी का गला दबा कर हतया कर दीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया वहीं घटना को अंजाम देने वाली सभी अपराधी घर छोड़कर फरार है तथा पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है एवं आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है एक तरफ इस घटना से जहां पूरे गांव में आक्रोशव्याप्त है ।

# मोतिहारी : बीजेपी सांसद संजय जायसवाल को ग्रामीणों ने सड़क पर घेरा, जानिए किस बात पर भड़के थे लोग

लोकतंत्र की आवाज

ग्रामीणों ने बीजेपी सांसद को बदहाल सड़क को लेकर घेर लिया और उनपर सवालों की झड़ी लगाते हुए जमकर खरी खोटी सुनाई




ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी/रक्सौल। बिहार में दो चरणों की वोटिंग हो चुकी है.पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में छठे चरण में चुनाव होना है. ऐसे में अब आम जनता अपने नेताओं से हिसाब किताब मांग रही है. दरअसल, संजय जायसवाल आज नोनियाडीह पंचायत में जनसंपर्क अभियान में वोट मांगने पहुंचे थे. इस दौरान ग्रामीणों ने बीजेपी सांसद को बदहाल सड़क को लेकर घेर लिया और उनपर सवालों की झड़ी लगाते हुए जमकर खरी खोटी सुनाई. उन्हों भारी विरोध का सामना करना पड़ा. पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र के निवर्तमान सांसद व भाजपा प्रत्याशी संजय जायसवाल अपने समर्थकों के साथ रक्सौल विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान में निकले थे. जनसंपर्क के क्रम में संजय जायसवाल रक्सौल अंचल के नोनियाडीह गांव पहुंचे. जहां ग्रामीणों में गांव में प्रवेश करने के दौरान ग्रामीणों ने रोक लिया और उनका विरोध करना शुरू कर दिया. ग्रामीणों का आरोप है कि सांसद संजय जायसवाल केवल चुनाव के समय गांव में आते हैं. ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव जितने के बाद कभी गांव नहीं आए. गांव की सड़क चलने लायक नहीं है और गांव विकास से कोसों दूर है. ग्रामीणों की भीड़ धीरे–धीरे बढ़ने लगी और संजय जायसवाल समेत उनके साथ आए समर्थकों के साथ ग्रामीणों की बहस शुरू हो गई. खैर बाद में ग्रामीण शांत हुए।संजय जायसवाल ने संबंधित अधिकारियों से बात की और सड़क पर ईंट का राबिस गिराकर पानी छिड़काव करने के लिए कहा. फिर ग्रामीण शांत हुए और उनसे चुनाव को लेकर बात की. ग्रामीणों से घिरे निवर्तमान सांसद व भाजपा प्रत्याशी संजय जायसवाल ने जब रक्सौल जिला इकाई के अध्यक्ष अशोक पांडेय के मोबाइल पर फोन किया तो उनलोगों ने फोन नहीं उठाया।

## जिला टॉपर को प्राचार्य ने किया सम्मानित



लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज
बेतिया। इंटर के 2024 की परीक्षा में बेतिया नगर निगम के लादूराम गोला वार्ड संख्या 14 की सलोनी कुमारी ,पिता राजन कुमार बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटर आर्ट्स की परीक्षा में 461 अंक लाकर पूरे जिले में प्रथम स्थान हासिल की है बताते चलेगी की उक्त छात्र महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय की छात्रा है छात्रा की सफलता पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर प्रोफेसर सुरेंद्र प्रसाद केसरी ने इसे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात बताया । वही जिला प्रशासन की ओर से भी जिला अधिकारी ने सलोनी कुमारी को प्रशसनीय प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है तो एक तरफ जिले के कई बुद्धिजीवी सलोनी की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात बताया है साथी वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट के सचिव निरंकार भास्कर, उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार सिंह, अध्यक्ष राणा प्रताप गुप्ता सहित अनेको सदस्यों ने प्रशंसा व्यक्त की तथा बताया कि आज के शिक्षा के परिवेश में छात्राएं छात्रों को पीछे छोड़ चुकी है जो जो नारी शक्ति का संदेश देता है ।

## रिसोर्स पर्सन के रूप में योगदान की गीतांजलि और रूपम रूपाली



लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज
बेतिया। महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय के बायोटेक एवं सीएनडी विभाग में रिसोर्स पर्सन के रूप मे गीतांजलि एवं रूपम रूपाली ने अपना योगदान दिया है बताते चले कि अब उक्त संकाय में विषय संबंधित कमी नहीं होगी क्योंकि यह दोनों रिसोर्स पर्सन कमी को दूर करने का काम करेंगी जो छात्र–छात्राओं के हित में होगा । वही प्राचार्य ने दोनों रिसोर्स पर्सन को अपने जिम्मेवारियां निभाने की बातें कहीं तथा दोनों दोनों रिसोर्स पर्सन ने अपनी जिम्मेवारी पर खडा उतरने का संकल्प लिया ।

## मोतिहारीः केसरिया में हुए हत्याकांड का पुलिस ने किया सफ़ल उद्भेदन, तीन आरोपी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी। केसरिया थानाक्षेत्र में हुए हत्या कांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है । जिसमें तीन अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। बताते चलें कि बिगत दिनांक– 27.04.2024 को केसरिया थानाक्षेत्र अन्तर्गत सत्तरघाट पुल के पास बोरा में कस कर फेंके हुए एक अज्ञात 21 वर्षीय लड़की का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्रा द्वारा चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें मोतिहारी एसपी के निर्देशानुसार इस संदर्भ में केसरिया बिजधरी ओ०पी० थाना में कांड दर्ज कर गठित छापेमारी दल द्वारा मृतिका की पहचान केसरिया थानाक्षेत्र के ग्राम सुबैया निवासी प्रभुवन दास की पुत्री काजल कुमारी के रूप में की गई। एवं हत्याकांड में शामिल तीन अपराधी प्रभुवन दास, चन्द्रमोहन उर्फ अजय, आशुतोष कुमार उर्फ मुनिक, को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही पांच मोबाइल फोन जब्त किया गया है। उक्त जानकारी .त्येंद्र कुमार सिंह, डीएसपी, चकिया ने दीं हैं।

# मोतिहारीः रेलवे पुलिस ने 37 बोतल अंग्रेजी शराब किया बरामद, तस्कर गिरफ्तार


लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी। सुगौली रेल पुलिस ने सैंतीस बोतल विदेशी शराब व दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। एएलटीएफ प्रभारी के निर्देशानुसार विशेष चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन सुगौली के प्लेटफार्म संख्या 01 पर खड़ी गाडी संख्या– 19037 अवध एक्सप्रेस के इंजन से दूसरा साधारण बोगी में रौशन कुमार ग्राम दिछौलिया, मुजफ्फरपुर, परसौनी पगहिया, थाना–कथैया, के पास से काले रंग के पिट्ठू बैग मे 09 बोतल ब्लेंडर प्राइड तथा एक स्क्रीन टच मोबाइल, हरि शंकर, ग्राम– दिसतौलिया, थाना– कथईया, जिला – मुजफ्फरपुर के पास से 06 बोतल रॉयल स्टैग व एक स्क्रीन टच मोबाइल, राजन कुमार, ग्राम– दिसतौलिया, थाना– कथईया, जिला –मुजफ्फरपुर के पास से 12 बोतल व एक स्क्रीन टच मोबइल व चांद, थाना–कथैया, जिला– मुज़फ्फरपुर के पास लाल रंग के पिट्ठू बैग मे 06 बोतल वाइट मिस्चिएफ वोडक व एक स्क्रीन टच मोबाइल एवं दो जिंदा कारतूस सहित कूल– 17.910 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ है। रेल पुलिस अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

# बेतिया : एटीएम पर अभी करने का मामला पहुंचा नगर थाना

लोकतंत्र की आवाज



क्षितिज राज
बेतिया। मुफसिल थाना क्षेत्र के बरवत सेना लच्छु के ? रहने वाले कैलाश राम एवं सेवानिवृत्ति गंडक के कर्मचारी ने स्थानीय नगर थाना में एक आवेदन देकर बताया है कि एक्ुटस बैंक के संचालक अमन कुमार एवं प्रतीक राज के पास से 24.4.2024 को अपने एटीएम से पैसा निकालने के लिए गया और उक्त संचालक ने उनके एटीएम से ?2000 निकाल कर दे दिया फिर अगले दिन अमन कुमार एवं प्रतीक राज के यहां पैसा निकालने के लिए गया तो उसने एटीएम का पिन नंबर मांगा और पीड़ति द्वारा एटीएम पिन नंबर अमन कुमार को दे दिया गया और फिर एक बार ?3000 निकासी कर कैलाश को दे दिया गया और बोला गया कि आपके खाते में 37719 है उसके बाद 02.05.2024 को पीड़ति कर्मचारी अपना पेंशन निकालने के लिए एटीएम लेकर जब दूसरे जगह पहुंचा तो देखा कि यह उसका एटीएम नहीं था तथा सरोज कुमारी के नाम का एटीएम उसे अमन कुमार द्वारा थमा दिया गया था जब पीड़ति पुनः इस बात की जानकारी के लिए अमन कुमार के पास पहुंचा और बोला कि मैं दो बार आपको एटीएम पैसा निकासी के लिए दिया था और आपने मेरा एटीएम बदल दिया घबराया कर्मचारी जब अपना पासबुक प्रिंट कराया तो देखकर दंग रह गया कि उसके पेंशन का 37719 रुपए एवं खाता बैलेंस में रहे 23880 रुपए दो बार में एटीएम द्वारा निकासी कर लिया गया है । अब सवाल या उठता है कि आखिरकार अमन धोखाधड़ी कर पैसे का निकासी कर बेचारे बृध व्यक्ति का एकमात्र सहारा पेंशन राशि भी गमन कर लिया गया है जो एक सवाल बना हुआ है इस संबंध में पीड़ति ने स्थानीय नगर थाना, जिला पदाधिकारी, जिला पुलिस कप्तान समेत अन्य कई वरीय अधिकारी को लिखित आवेदन देकर शिकायत की है। अब यहां सवाल यह उठता है कि सरोज कुमारी के एटीएम है तो किसका है और सरोज कुमारी रहने वाली आखिरकार है कहां की ।

# साल कि प्रथम बारिश में संसद के अवास के सामने लागा जल जमाव

लोकतंत्र की आवाज



क्षितिज राज
बेतिया। जहां मंगलवार को दिन तपती गर्मी में निजात के साल की हुई प्रथम बारिश में लोगों के लिए राहत सिद्ध हुआ वहीं बेतिया सांसद के अवास अस्पताल रोड पर पुरी तरह जल जमाव देखने का नाजरा ने जहां नगर निगम कि पोल खोल दी वहीं सांसद महोदय के अपने क्षेत्र में किए गए विकास के दावों का भी पोल खोल कर रख दिया जब सांसद के अवास के पास का सड़क का यह दृश्य है तो क्षेत्र में क्या विकास हुआ होगा इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है वैसे यह बात सत्य साबित भी होता हुआ नजर आ रहा है क्योंकि सांसद महोदय के क्षेत्र के अंतर्गत रक्सौल के नोनिया डिह पंचायत में सोमवार को दिन सड़क नहीं बनने को लेकर ग्रामीणों ने संसद के काफिले को घंटे रोकें रखा था जिसकी खबर मीडिया की सुर्खियों में छाया हुआ रहा अब साल की प्रथम बारिश में यह नजारा भी बहुत कुछ इशारा कर रहा है जो एक सोचनीय विषय है ।

# स्वच्छता के लेकर एसएसबी 65वीं वाहिनी के द्वारा लोगो को किया गया जागरूक

लोकतंत्र की आवाज






बगहा। एसएसबी 65 वीं वाहिनी के द्वारा मेरी लाइफ थीम पर अनुमंडल बगहा के शहरी प्राथमिक स्वास्थय केंद्र बगहा–2 के आस–पास के इलाके में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ–सफाई तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। लाइफ पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली मिशन सभी को अपने दैनिक जीवन मे सरल एवं पर्यावरण अनुकूल कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। इस अभियान में सार्वजानिक स्थलों की साफ सफाई एवं स्वच्छता के प्रति आम नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता समाज में रहने वाले हर इन्सान की जिम्मेदारी है। हमें खुद को घर एवं आस–पास के पर्यावरण को हर दिन स्वच्छ एवं साफ रखने की जरूरत है तथा हम सभी को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं सामूहिक स्वच्छता के महत्व को अपने जीवन में आवश्यकता के रूप में समझना चाहिए और इसे दैनिक जीवन में लागू करना चाहिए ताकि सम्पूर्ण समाज स्वच्छता के प्रति जागरूक हो सके। इस कार्यक्रम के दौरान शहरी प्राथमिक स्वास्थय केंद्र बगहा–2 के डाक्टर अरशद कमाल, एएनएम पिंकी कुमारी, एएनएम रीना कुमारी, आशा फैश लेटर बबीता कुमारी, सहायक उप निरीक्षक राज कुमार व 65 वाहिनी के बल कर्मी उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### रोजाना चुल्लू भर पानी बचाना है



लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय, पीरपैंती।** संजीवनी गंगा के द्वारा आयोजित जल, जीवन ,हरियाली ,कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय दुलदुलिया में चुल्लू भर पानी बचाना है रोजाना, कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों को जल की महत्ता और उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया गया। बच्चों ने जल की महत्ता को समझा। जल को बर्बाद करने से बचाने का संकल्प लिया। हम जल बना नहीं सकते हैं ,लेकिन जल बचा सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे ,शिक्षक ,और संजीवनी गंगा का संयोजक मोहम्मद आयाज सहित कई लोगों उपस्थित रहें।

### मतदान केंद्रों का डीडीसी व बीडीओ ने किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**मशरक (सारण)।** सारण डीडीसी प्रियंका रानी ने बंगरा मख्तब, बली विशुनपुरा, कोड़राव व सामुदायिक भवन देवरिया, प्राथमिक विद्यालय मशरक, कर्मचारी भवन और प्राथमिक विद्यालय गोपालवाड़ी का बीडीओ पंकज कुमार ने लोकसभा चुनाव को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया जहां तैयारी चरम पर है। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय व दिव्यांग मतदाता के लिए रैम्प समेत अन्य कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कार्यरत रसोईया को मतदान कर्मियों के भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने को विधालय के प्रधानाचार्य को निर्देश दिया गया है। इसके लिए प्रधानाचार्य रसोईया को पहचान पत्र और जिस मतदान केंद्र पर ड्यूटी लगानी है। उस मतदान केंद्र का संख्या अंकित करना है।

### सिरदला: पुलिस ने विभिन्न मामले में तीन आरोपी को किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय

लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता, सिरदला।** परना डाबर पुलिस ने क्षेत्र के कोसुम्भातरी गांव में छापेमारी कर मारपीट कर, हत्या के प्रयास करने के मामले में परना डाबर थाना कांड संख्या 15/24 के प्राथमिकी अभियुक्त रामेश्वर प्रसाद के पुत्र मुसाफिर यादव को गिरफ्तार किया है। तथा परना डाबर थाना क्षेत्र के मंझौली तिलैया नदी बालू घाट से बालू लोड एक ट्रैक्टर को जप्त किया है। साथ में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसे थाना परिसर लाया गया है। खनन अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर उक्त तीनों आरोपी को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

### सिरदला- पुलिस ने बालू लोड कर रहे एक ट्रैक्टर को किया जप्त, एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता, सिरदला। सिरदला पुलिस ने राजन गांव धनार्जन नदी बालू घाट से बालू लोड कर रहे एक ट्रैक्टर को जप्त किया है। जिसे थाना परिसर लाया गया है। साथ में एक मोटरसाइकिल जप्त किया है।तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध वालों का खनन करने, राजस्व की नुकसान पहुंचाने के आरोप में प्राथमिक की दर्ज कर, पुलिस ने मंगलवार को व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

# चुनाव के वक्त बाहुबली अनंत सिंह के जेल से बाहर निकालने से रोचक बना मुकाबला

**तो अब माफिया जिताएंगे चुनाव? अनंत सिंह का बेल, क्या बिगाड़ पाएंगे राजद का खेल, स्वर्ण मतदाता ललन सिंह के प्रति दिख रहे हैं गोलबंद**

लोकतंत्र की आवाज



**रंजीत विद्यार्थी**

**मुंगेर।** मोकामा के बाहुबली और जेडीयू के पूर्व विधायक अनंत सिंह 15 दिनों के पैरोल पर जेल से बाहर आ गए. स्वागत में क्रेन से फूलों की बारिश के साथ अनंत सिंह जेल से बाहर निकले है.लेकिन आरोप लग रहा है मुंगेर की लडाई में एनडीए गठबंधन से जेडीयू के उम्मीदवार ललन सिंह कमजोर पड़ रहे है.इसलिए अनंत सिंह का सहारा लेने के लिए उन्हें जेल से बाहर लाया गया है. मुंगेर लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान है.जेडीयू सांसद ललन सिंह के सामने मुंगेर सीट इस वक्त चुनौती बनी हुई है. वजह है बाहुबली अशोक महतो, जो कुछ महीने पहले ही जेल से बाहर आया है.

मुंगेर सीट पर अपनी दावेदारी और उम्मीदवारी के लिए खरमास में ही अनिता से शादी की और पत्नी अनीता महतो को महागठबंधन से आरजेडी का टिकट दिलाकर ललन सिंह के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा दिया है. अशोक महतो कुर्मी जाति से हैं और पत्नी धानुका है. लिहाजा वोट की गणित में अशोक महतो ललन सिंह पर भारी पड़ रहे है. ऐसे में आरोप लग रहा है ललन सिंह को चुनाव में जीत दिलाने के लिए अनंत सिंह का सहारा लिया गया है. दरअसल एक वक़्त था जब नीतीश कुमार के ख़ास रहे अनंत सिंह उर्फ़ 'छोटे सरकार को जेल जाना पड़ा. वैसे तो अनंत सिंह 2018 से पहले कई संगीन अपराधीक मामले चल रहे थे, जिसमे अनंत धीरे-धीरे बरी हो रहे थे. लेकिन अचानक खेल में बड़ा मोड़ तब आया जब साल 2019 में अनंत सिंह के लदमा स्थित पैतृक घर से एक एके-47, कुछ जिंदा कारतूस और हैंड ग्रेनेड मिलने की वजह से कोर्ट में दोषी साबित हुए और दस साल की सज़ा हुई और अनंत सिंह की सदस्यता चली गई.

अनंत सिंह को फसाने और जेल भेजवाने के इस खेल का आरोप लगा नीतीश कुमार के सबसे करीबी पर. शायद वही बात आज कांग्रेस भी दुहरा रही है. कांग्रेस आरोप भी लगा रही है कि जो लोग अनंत सिंह को जेल भेजवाया वही आज जेल से बाहर कराकर चुनाव में उपयोग करेंगे. तब अनंत सिंह को सजा होने पर विधानसभा मोकामा सीट पर उपचुनाव हुए और अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को आरजेडी ने टिकट दिया और उनकी जीत हुई. हाल ही में जब जनवरी में सरकार पलटी और नीतीश कुमार को एनडीए के साथ जाने से पहले फ्लोर टेस्ट के दिन ज़रूरत थी बहुमत साबित करने की तब आरजेडी की विधायक होते हुए भी नीलम देवी ने नीतीश सरकार को समर्थन दिया. मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के जातीय समीकरण का हिसाब कहता है कि लगभग 3.50 लाख वोटर्स भूमिहार हैं. इसके बाद दूसरे नंबर पर कुर्मी, कोयरी और कुशवाहा हैं, जिनकी संख्या लगभग 05 लाख से ज़्यादा है. पासवान मतदाताओं की संख्या 02 लाख से अधिक है.

वही महादलित मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है. दलित और महादलित मिलकर 03 लाख से अधिक मददाता इस क्षेत्र में है.ऐसे में अनंत सिंह का बाहर आना भूमिहर वोट बैंक की गोल बंदी देखने को मिलेगी, वहीं दूसरी ओर आनंद सिंह को चुनाव के वक्त पैरोल पर जेल से बाहर आने की घटना का राज पिछड़ा,अति पिछड़ा, दलित, महादलित समाज के लोग समझ रहे हैं. राजनीति के इस खेल को लोग भली भांति जान रहे हैं कि चुनाव के वक्त बाहुबली अनंत सिंह को जेल से बाहर जदयू प्रत्याशी ललन सिंह को चुनाव जीतने के दृष्टिकोण से लाया गया है. बहरहाल, सूबे बिहार के सबसे अधिक हॉट सीट में शुमार मुंगेर संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव पिछड़ा बनाम अगरा के बीच देखने को मिल रहा है.

# हसनपुर क्षेत्र में स्वतंत्र,निष्पक्ष, शांतिपूर्ण मतदान को लेकर डटे रहे समस्तीपुर के डीएम व एसपी




लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** खगड़िया लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत समस्तीपुर जिला के 140 हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर सफलतापूर्वक मतदान कराने हेतु प्रतिनियुक्त सभी मतदान पदाधिकारियों ने शान्ति पूर्ण मतदान करवाया।

मालूम हो कि खगड़िया लोकसभा अन्तर्गत समस्तीपुर जिला के हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में 7 मई मंगलवार को मतदान किया गया था। जहाँ समस्तीपुर के जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह एवं पुलिस कप्तान विनय तिवारी समेत वरीय उपसमाहर्ता सह जिला नोडल पदाधिकारी स्नेहा कुमारी व अन्य अधिकारी भयमुक्त, निष्पक्ष तथा शान्ति पूर्ण मतदान को लेकर हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर दिन भर निरीक्षण करते रहे। हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में तकरीबन 55 प्रतिशत मतदान होने का अनुमान है। शान्ति पूर्ण मतदान को लेकर राजद नेता रामनारायण मंडल, भाजपा नेता सुभाषचंद्र यादव, पूर्व जिला पार्षद चन्द्रशेखर साहू, पूर्व मुखिया दिनेश साहू, रामाश्रय यादव, जदयू नेता सह व्यपार मंडल के अध्यक्ष रामचन्द्र यादव, श्याम सुंदर पासवान आदि ने शान्ति पूर्ण मतदान होने को लेकर जिला प्रशासन समेत अर्धसैनिक बलों को साधुवाद दिया।

## सिरदला- तेज बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि, मुरझाए किसानों के चेहरे, फसलों को होगा नुकसान



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला।** सिरदला प्रखंड के क्षेत्र में मंगलवार की शाम 5:30 बजे तेज हवा के साथ बारिश आई। बारिश के साथ जमकर ओलावृष्टि हुई। एक बार मौसम का मिजाज बदल गया है। प्रखंड के जयनगर, बरदाहा, सांढ़, महूगांय, सिरदला, लौंन्द, चमोथा, जम्मूगांय सहित कई क्षेत्र में ओले पड़ने, बारिश के साथ गर्जन भरी बिजली गिरने की सूचना है। इस 10 मिनट कीओले की बारिश से किसानों को भारी छती हुई है। खेतों में लगे साग, सब्जी को ओलावृष्टि से फसलों को काफी नुकसान पहुंचाने की बात कही जा रही है। इस ओलावृष्टि से किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं। साथ में आम जनों को गर्मी से राहत मिली है।

## 25 मई को पहले मतदान,फिर करे जलपान का नारा देते हुए ग्रामीणों को मतदान की दिलाई गई शपथ

लोकतंत्र की आवाज

**बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा**

**बगहा।**अगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सावित्री दास के निर्देश के आलोक में प्रखंड बगहा दो के भड़छी पंचायत के मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।इसके तहत महिला पर्यवेक्षिका प्रतिमा कुमारी, स्थानीय आगनबाड़ी सेविका कविता देवी, सहायिका सूर्यावती देवी के साथ स्थानीय ग्रामीणों के बीच मतदाता जागरूकता से संबंधित विशेष जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।




महिला पर्यवेक्षिका प्रतिमा कुमारी ने बतायी कि स्वीप कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 134 पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया और 25 मई को पहले मतदान,फिर करे जलपान का नारा देते हुए ग्रामीणों को मतदान की शपथ दिलाई गई साथ ही बताया गया कि अगामी 25 मई को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित निभाएं साथ ही अपने घरों तथा आस-पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। चुकी आपका एक कीमती वोट से अच्छे राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है।सभी मतदाताओं से मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अपील किया गया।सीडीपीओ सावित्री दास ने बतायी ने लगातार आईसीडीएस बगहा दो के सभी सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्रों और स्थानीय बूथों पर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं।ताकि मतदान के दिन मतदाता अपने मताधिकार का शत प्रतिशत उपयोग कर सकें।

# सरायरंजन प्रखंड के जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत किया गया चर्चा

लोकतंत्र की आवाज

**सरायरंजन।** प्रखंड के ग्राम पंचायत राज अख्तियारपुर बलभद्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 163, उदयपुर रविदास टोला एवं आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 162 पर आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा आयोजित सामुदायिक जागरूकता आधारित कार्यक्रम गोदभराई दिवस आयोजित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में पीरामल स्वास्थ्य से प्रोग्राम लीडर केशव कुमार एवं अंजय कुमार, जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र के सचिव सुरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष वीणा कुमारी एवं अन्य कर्मी, महिला पर्यवेक्षिका उषा कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका मीणा कुमारी, अनिता कुमारी, विद्यालय शिक्षक, उक्त पोषक क्षेत्र के गर्भवती महिला, जीविका समूह, समुदाय के लोग इत्यादि सक्रिय रूप से भाग लिए। उक्त कार्यक्रम में पिरामल स्वास्थ्य से आए केशव कुमार द्वारा गोदभराई दिवस मनाने का उद्देश्य, गर्भावस्था के दौरान देखभाल, चार प्रसव पूर्व जांच, आयरन एवं फोलिक एसिड टेबलेट का सेवन, पौष्टिक आहार, गर्भावस्था के दौरान खतरे का लक्षण, प्रसव पूर्व तैयारी, संस्थागत प्रसव एवं लाभ इत्यादि पर जागरूक किया गया। उपस्थित सभी लाभार्थी एवं प्रतिभागी को सक्रिय रूप से आयोजित होने वाले सभी सामुदायिक जागरूकता बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु प्रेरित किये। जवाहर ज्योति बल विकास केंद्र द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान हेतु चर्चा विस्तारपूर्वक किया गया।




## सिरदला- पुलिस ने भीतिया के जंगल में दो महुआ शराब की संचालित भट्टी को किया ध्वस्त

लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला।** परना डाबर पुलिस ने भीतिया के जंगल में चमैनी नदी के पास छापेमारी कर महुआ शराब की दो संचालित भट्टी को ध्वस्त किया है। साथ ही 2400 लीटर जावा महुआ का मीठा घोल मौके पर विनिष्ट किया गया है। तथा 20 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। एवं शराब बनाने का उपकरण को आग के हवाले कर दिया गया है।

थानाध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को देखते ही शराब कारोबारी जंगल झाड़ी का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। जिसके विरुद्ध शराब अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# चुनाव में लापरवाही बरतने वाले धरहरा के एक शिक्षक को डीएम ने किया सस्पेंड, लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

लोकतंत्र की आवाज



**मुंगेर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही और कर्तव्य के प्रति उदासीनता बरतने के आरोप में एक कर्मी के खिलाफ चुनाव दंड प्रक्रिया संहिता के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित करने का आदेश दिया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने बताया कि लोक सभा आम निर्वाचन 2024, 40-जमुई (अ०जा०) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत 164-तारापुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी थी,

जिसमें मो० लुकमान, प्रखण्ड शिक्षक द्वारा दिनांक 17.04.2024 को तारापुर में अपना योगदान समर्पित नहीं किया गया था। उनके इस कृत्य को गंभीरता से लेते हुए दिनांक 25.04.2024 को मो० लुकमान से स्पष्टीकरण किया गया था, परंतु मो० लुकमान द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया तथा इनके मोबाईल पर भी इसकी सूचना जिला कार्मिक कोषांग, मुंगेर से देने का प्रयास किया गया, परन्तु इनके द्वारा कॉल को रिसिव भी नहीं किया जाना, इनके स्वेच्छारिता एवं अनुशासनहीनता को परिलक्षित करता है। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त शिक्षक द्वारा निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य को नजरंदाज करना उनकी कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को दर्शाता है। ऐसे लापरवाह कर्मी को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुंगेर को मो० लुकमान, प्रखण्ड शिक्षक, कन्या मध्य विद्यालय, महगामा, पो० घटवारी, थाना लड़ैयाटांड, धरहरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस भी प्रशिक्षण में जो भी कर्मी अनुपस्थित पाए गए उनके खिलाफ स्पष्टीकारण करते हुए उनसे जवाब तलब किया गया है। साथ ही 11 मई को डिस्पैच सेंटर में अनुपस्थित पाए जाने वाले कर्मियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कार्रवाई: दो हाईवा ट्रक को पुलिस एवं खनन विभाग ने किया जब्त

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस एवं खनन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से ओभरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान दो बगैर चालान के ओवरलोड गिट्टी लेदे वाहनों को जब्त किया गया। ओवरलोड वाहनों के खिलाफ रजौली थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष अजय कुमार तथा खनन निरीक्षक अपूर्व सिंह के अगुवाई में ओभर लोडिंग के खिलाफ अभियान चलाया।इस दौरान जांच चौकी के समीप से एक हाइवा ट्रक को जब्त किया गया।

इसी तरह दूसरी हाइवा ट्रक को अंधरवारी मोड़ पर जब्त किया गया। खनन निरीक्षक का अपूर्व सिंह ने बताया कि पुलिस के सहयोग से ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया।जिसमें बगैर चालान की गिट्टी ले जा रहे एक 14 चक्का हाईवा ट्रक एवं दूसरा 16 चक्का हाइवा ट्रक को जब्त किया गया है।इन दोनों वाहनों के ऊपर खनन तथा परिवहन नियमों के तहत जुर्माना लगाया गया है।इन दोनों वाहनों के ऊपर करीब साढे पांच लाख रुपए की जुर्माना की गई है। फिलहाल दोनों वाहनों के जब्त कर समेकित जांच चौकी के प्रांगण में रखा गया है। जहां से जुर्माने की राशि वसूल करने के उपरांत कागजी कार्रवाई पूरी कर मुक्त किया जाएगा।

बताते चलें कि झारखंड के रास्ते बिहार में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ओवरलोड ट्रकें प्रतिदिन गिट्टी , लोहे की सरिया व अन्य समान लेकर आ रही है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी ओवरलोड वाहनों को रोकने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे है। फलस्वरूप राजस्व के नुकसान के साथ-साथ हाल ही में निर्मित एनएच-20 सड़क को भी क्षतिग्रस्त होने की आशंका बढ़ गयी है। उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग व पुलिस के जिम्मे ओवरलोड रोकने की जिम्मेदारी है, लेकिन दोनों विभाग इस मामले में पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है।जिसके कारण समेकित जांच चौकी पर सफेद पोस दलाल दर्जनों की संख्या में तैनात रहते हैं। यही लोग नीचे से ऊपर तक के अधिकारियों को सेट कर वाहनों को पार कराने में लगे रहते हैं। इस अभियान के दौरान थाने की पुलिस के साथ सैप बल एवं गृह रक्षक जवान शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मतदान केंद्रों का उपविकास आयुक्त और प्रखंड विकस पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज

**मशरक (सारण)।** सारण डीडीसी प्रियंका रानी ने बंगरा मख्तब, बली विशुनपुरा, कोड़राव व सामुदायिक भवन देवरिया, प्राथमिक विद्यालय मशरक, कर्मचारी भवन और प्राथमिक विद्यालय गोपालवाड़ी का बीडीओ पंकज कुमार ने लोकसभा चुनाव को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया जहां तैयारी चरम पर है। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय व दिव्यांग मतदाता के लिए रैम्प समेत अन्य कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कार्यरत रसोईया को मतदान कर्मियों के भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने को विधालय के प्रधानाचार्य को निर्देश दिया गया है। इसके लिए प्रधानाचार्य रसोईया को पहचान पत्र और जिस मतदान केंद्र पर ड्यूटी लगानी है। उस मतदान केंद्र का संख्या अंकित करना है।

### सहरसा में पोलिंग पार्टी ईवीएम व मतदान सामाग्री के साथ बूथ पर हुए रवाना



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** लोकसभा आम निर्वाचन निमित 13–मधेपूरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 74–सोनवर्षा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु चि– न्हित डिस्पैच सेंटर राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, खेल भवन, अनुग्रह नारायण सिंह स्मारक स्कूल एवं जिला स्कूल में तृतीय चरण को निर्धारित मतदान प्रर्योजनार्थ पोलिंग पार्टी, प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी का मिलान कार्य संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर पोलिंग पार्टी को मतदान सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। मतदान दल द्वारा चेकलिस्ट के अनुसार उपलब्ध कराये गये सामग्री का मिलान कर लिया गया है। सभी प्रतिनियुक्त मतदान दल कर्मियों को वाहन का लॉगबुक आज ही उपलब्ध करा दिया गया है। पोलिंग पार्टी, प्रतिनियुक्त पुलिस बल के साथ ईवीएम के साथ निर्धारित समय पर अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए।

### 10 वर्षीय बच्ची की पोखर में डूबने से हुई मौत, परिजन ने पोस्टमार्टम नहीं कराने की कहीं बात

लोकतंत्र की आवाज

**पतरघट सहरसा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के पामा वार्ड 5 में सोमवार को खेलने के दौरान पोखर में फिसल कर डूबने से गिरा गिरने से 10 वर्षीय बच्ची असमीना खातून का मौत हुआ। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम सा छा गया माता का रो रो कर बुरा हाल। ग्रामीणों ने बताया कि मृतिका असमीना का पिता मो. सद्दाम पस्तपार बाजार में पल्लेदारी का काम कर रहा था। मां घर पर सोई थी। असमीना ने पड़ोस के बच्चों के साथ खेलने के लिए पामा नहर साईफन के पास गइ थी। और पोखर के किनारे खेल रही थी। अचानक वह पोखर में फिसल गई। गहरे पानी में जाने से डूब गया। साथ के बच्चों के द्वारा हो हल्ला किया गया। इसके बाद ग्रामीण ने पोखर में उसकी खोजबीन करते पोखर से निकाला। तब तक असमीना की मौत हो चुकी थी। मृतक असमीना ने चार भाई बहन में सबसे बड़ी थी। परिजनों के द्वारा मृतक असमीना की पोस्टमार्टम नहीं कराने की बात कही।व– हीं मृतक के घर परिजनों को ढाढस बढ़ाने के लिए जनप्रतिनिधि पहुंचने लगे मौके पर पहुंचे मुखिया विनोद कुमार, पप्पू वार्ड सदस्य श्रीकांत सिंह, रंजीत शाह पूर्व सरपंच, सुबोध कुमार सिंह आदि लोग।

### मृतक के पिता के लिखित बयान पर ट्रक चालक पर केस

लोकतंत्र की आवाज

**बिहपुर।** भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत इंदिरा मंच समीप एनएच 31 पर सोमवार शाम तेज रफ्तार ट्रक के धक्के से मोटरसाइकिल सवार मां बेटे की इलाज के दौरान मौत मामले में मंगलवार को मृतक के पति रमेश शर्मा के लिखित बयान पर बिहपुर थाना में ट्रक चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया।घटना के बाद पुलिस ने उक्त ट्रक को जप्त कर लिया है।थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया केस दर्ज कर कार्यवाई की जा रही है।

### सूबे के पूर्व मंत्री सह सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल ने मिडिल स्कूल बटराहा पर किया मतदान

लोकतंत्र की आवाज

**कुर्साकांटा।** अति पिछड़ा जिला अररिया के मंडल बाहुल्य वर्ग से आने वाले अति पिछड़ा समाज के सर्वमान्य नेता सह पूर्व मंत्री एवम सिकटी के लोकप्रिय भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल ने अपने पैतृक गांव कुर्साकांटा प्रखंड के के मध्य विद्यालय बटराहा मतदान केंद्र बूथ संख्या 54 में अपना मतदान किया। उन्होंने अपील किया कि पहले मतदान फिर जलपान के तहत मैने राष्ट्रीय महापर्व पर वोट डाल दिया आप सभी भी मतदान करें।

# टीएमबीयू के कुलपति के विरोध में विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन किया

लोकतंत्र की आवाज

**बिहपुर।** टीएमबीयू के कुलपति प्रो. जवाहर लाल के भ्रष्टाचार की खुल रही परत दर परत के बीच उनका विरोध शुरू हो गया है। मुंगेर विवि का प्रोवीसी रहते उनके लिए वहां खरीदे गए आईफोन और लैपटॉप के गायब होने की खबर छपने के बाद उन्हें दोनों चीजें मुंगेर विवि को लौटानी पड़ी। इसको लेकर सोमवार को एबीवीपी ने कुलपति के विरोध में प्रदर्शन किया और उनसे इस्तीफे की मांग की, और उनका विरोध तिलकामांझी भागलपुर के सभी अंगीभूत कालेज में विरोध जारी है। कुलपति शिक्षा विभाग की बैठक में शामिल होने पटना गए थे। विवि के प्रशासनिक भवन में एबीवीपी के कार्यकर्तओं ने उनके विरोध में पोस्टर चिपकाए व नारेबाजी की और नवगछिया के जीबी कालेज और मदन अहिल्या दोनों कालेज में मांग पत्र सौपा!

परिषद के प्रांत सह संयोजक सेवार्थ विधार्थी के अनुज चौरसिया और कला मंच के सह संयोजक विश्वास वैभव और जिला संयोजक राहुल शर्मा ने कहा कि कुलपति पर लगातार वित्तीय अनियमितता के आरोप सामने आ रहे हैं। मुंगेर विवि में प्रतिकुलपति रहते हुए जो आईफोन और लैपटॉप की सुविधा सरकारी कर्मचारी होने के नाते उन्हें उप उपलब्ध कराई गई थी वह आईफोन और लैपटॉप उन्होंने टीएमबीयू का कुलपति बनने के बाद अपने व्यक्तिगत इस्तेमाल के लिए रख लिया था। कुलपति के आवास से लैपटॉप और आईफोन प्राप्त हुआ है। ऐसे कुलपति



छात्रों के लिए क्या सीख देना चाहते हैं। उहोंने मीटिंग अफसर, पीआरओ सहित अन्य कई ऐसे पदों का सृजन किया है जो संवैधानिक नहीं है। अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए अपने परिवार के लोगों की ही नियुक्ति क्यों? इस पर भी कुलपति को जवाब देना पड़ेगा।

**कहा— कुलपति अनियमितताओं के आरोपों से घिरे, आज से बंद कराएंगे टीएमबीयू:** टीएमबीयू में कुलपति के विरोध में प्रदर्शन करते एबीवीपी के कार्यकर्ता। अनुज चौरसिया ने कहा कि स्नातक के सभी खंडों में छात्रों के परीक्षा देने के बाद भी अनुपस्थित कर दिया जाता है और जब हमलोगों ने इसके लिए आवाज उठाई तो कुलपति ने कहा था कि सात दिन में सभी मामले को ठीक कर लिए जाएंगे। चार महीने से अधिक हो चुके हैं लेकिन इसपर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्नातक पार्ट थर्ड का परीक्षा परिणाम छह महीने पहले आ चुका था



लेकिन विवि उन छात्रों को अंक पत्र नहीं दे पाया है। कुलपति छात्र विरोधी नीति अपना रहे हैं। बुधवार से लगातार अनिश्चितकाल तक विवि बंद रहेगा।

**सभी वर्गों की छात्राओं का निःशुल्क नामांकन बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण:** अभाविप कार्यकर्ता साक्षी भारद्वाज और कुसुम ने कहा कि बिहार सरकार की सात निश्चय योजना के तहत एससी–एसटी वर्गों के छात्र तथा सभी वर्गों की छात्राओं का निःशुल्क नामांकन प्रस्तावित है। सूबे के सभी विश्वविद्यालयों में इसे लागू भी किया गया लेकिन टीएमबीयू में पिछले सत्र में विद्यार्थी परिषद के आंदोलन को देखते हुए इसे लागू किया गया। पर अब अगले सत्र से इसे हटा दिया गया जो दुर्भाग्यपूर्ण है।' वही मौके पर अभाविप के अनुज चौरसिया, विश्वास वैभव, राहुल शर्मा, विक्की मिश्रा, विश्वजीत चौधरी, शिवम झा, साक्षी, कुसुम, आकंक्षा, सिंकु, दीक्षा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे

## जिला प्रशासन सभी मतदाताओं को सुगम मतदान में सहायता हेतु प्रतिबद्ध है: जिलाधिकारी वैभव चौधरी



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने जिलांतर्गत सभी मतदाताओं से तृतीय चरण में आज होने वाले मतदान में उत्साहपूर्ण भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा की संविधान प्रदत मताधिकार का उपयोग इच्छानुसार जनप्रतिनिधि के चुनाव में मदद करने के साथ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का गौरव प्रदान करता है। अतः प्रत्येक मतदाता को निश्चित रूप से मताधिकार उपयोग हेतु तत्पर होना चाहिए।

उन्होंने बताया की लोक सभा आम निर्वाचन निमित मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा अन्तर्गत निदेर्शानुसार मूलभूत सुविधा यथाः पुरूष, महिला हेतु अलग–अलग शौचालय, स्वच्छ पेयजल, रैम्प, बैठने की व्यवस्था, दिव्यांग, 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं हेतु व्हील चेयर स्वयंसेवक सहित एवं ग्रीष्मऋतु को ध्यान में रखते हुए आव– श्यकतानुसार मतदान केन्द्रों पर छायादार शेड, शामियाना की व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मतदान केन्द्रों पर आशा, एएनएम की प्रतिनियुक्ति आवश्यक दवाओं से युक्त मेडिकल किट के साथ की गई है। जिला अन्तर्गत तृतीय चरण में मतदान दिवस के दिन मतदाताओं के सुगम आवागमन हेतु दिव्यांग मतदाताओं, 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं तथा गर्भवती महिलाओं को मतदान केन्द्र तक आवागमन निमित वाहन की सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा।

इस हेतु जिला प्रशासन मतदान हेल्पलाईन, 1950 सक्षम एप्स तथा संबंधित बूथ के मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों के माध्यम से ये सुविधा स्थानीय आवश्यकता के आधार पर रणनीति तैयार करते हुए किया जायेगा। तटबंध के उस पार स्थित मतदान केन्द्र में संबंधित मतदाताओं को ले जाने एवं ले आने निःशुल्क नाव की व्यवस्था की गई है। पर्दानशी महिलों के पहचान हेतु पर्याप्त संख्या में आशा कर्मी की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया की जिला प्रशासन नियमानुसार जिलांतर्गत सभी मतदाताओं को सुगम मतदान में सहायता हेतु प्रतिबद्ध है।

## थाने में मारपीट की प्राथमिकी दर्ज




लोकतंत्र की आवाज

**विभूतिपुर।** थाना क्षेत्र के महिषी निवासी राम विनोद झा ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए गांव के ही मोहन कुमार,सोहन कुमार,उमेश झा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए नाजायज मजमा बनाकर हथियार, लाठी,डंडा,लोहे के रोड से लैस होकर मेरे घर पर आया। और मेरे जमीन से जबरदस्ती जलावन हटने लगा तो मैने विरोध किया।

वही सभी गाली गलौज करने लगा और मोहन कुमार के आदेश पर सोहन और उमेश झा जान मारने की नियत से मेरे सर पर लोहे के रॉड से मारा। जिससे मेरा सर फट गया और खून बहने लगा। उसके बाद मोहन कुमार मेरे जेब से 2500 रूपए ले लिया। मेरा पुत्र प्रवेश कुमार झा मुझे बचाने आया तो मोहन कुमार जान मारने की नियत से आंख पर रोड से मारा। जिससे आंख जख्म हो गया तथा लाल हो गया। देखने में भी काफी दिक्कत आ रही है। उसके बाद सभी धमकी दिया कि साला अगर जमीन पर नहीं आने दिया तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। मेरे बेटा के गले से सोने का हनुमान रूप एवं रुपया सोहन कुमार छीन लिया। सभी धमकी देने लगे इसी बीच ग्रामीण जुटे तो सभी भाग गए। थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## स्कूली बच्चों ने मावव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए किया जागरुक

लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवाददाता।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज स्थानीय हटिया गाठी स्थित सहरसा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने वोट डाँड– या की श्रृंखला बनाई और वोट क्यों आवश्यक परिचर्चा में भाग लिया। वर्ग इसे वर्ग 8 तक के बच्चों ने परिचर्चा में भाग लिया तथा। श्रृंखला निर्माण में छोटे बड़े सभी बच्चे एवं शिक्षिकाओ का सराहनीय योगदान रहा।

परिचर्चा में बच्चों ने वोट देना आवश्यक क्यों मुद्दे पर विभिन्न राय दिए। किसी ने वोट डालने को लोकतंत्र की पहचान और दिश के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। किसी ने इसे राष्ट्रनिर्माण में भागीदारी के लिए उपयुक्त कहा।किसी ने मतदाताओं को अपनी सर्वोच्च शक्ति के प्रदर्शन की बात कही तो किसी ने लोक तंत्र को सुचारू रूप रूप से बनाए रखने आदि के लिए वोट आवश्यक की महत्ता



बताई। प्राचार्य अवनीश कुमार वर्मा ने इस अवसर पर बच्चों से कहा कि कल अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए अवश्य मतदान केंद्र पर भेजें क्योंकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव देश की रीढ़ होती है। देश के समग्र विकास के लिए मतदान आवश्यक है। परिचयां में शांतनु, सुधांशु, अब्दुर रहमान, अमरेश, सरगम, निशा, मधु, पलक अलसावा, आयुष, अनीश ने मुख्य रुप से भाग लिया। अमरेन्द्र दासके संचालन में शालू, रानी, साक्षी, अन्नु, मुस्कान, मुस्कान मासूम, मुकेश, आदेश, शिक्षक का सराहनीय योगदान रहा।

## बांसवारी से भारी मात्रा में शराब बरामद, प्राथमिकी दर्ज, कार्रवाई से हड़कंप

लोकतंत्र की आवाज

**मशरक (सारण)।** मशरक पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार के शाम घोघिया गांव में अवैध शराब के भंडारण एवम बिक्री को लेकर छापेमारी की। पुलिस वाहन देख कारोबारी भाग निकले। पानी टंकी के पास अवस्थित बंसवाड़ी में पुलिस ने शराब खोजबीन शुरू की गढ़े में मिट्टी एवम खर पतवार से ढका शराब का जखीरा मिला। ग्रामीणों की उपस्थिति में पुलिस ने 13 कार्टन में 624 बोतल ऑफिसर च्वाइस फ्रूटी पैक, रॉयल स्टेज एवम इंपीरियल ब्लू 47 बोतल , पॉलिथिन दारू 121 कुल 792 बोतल में 169.35 लीटर शराब जब्त किया।

ग्रामीणों से पूछताछ पर कारोबारी बीटू सिंह पिता तारकेश्वर सिंह, रवि पासवान



पिता राजेश पासवान दोनों घोघीया निवासी सोनू सिंह पिता रामनाथ सिंह शेखपुरा मशरक तथा जितेंद्र साह पिता स्व विश्वनाथ साह ब्राहिमपुर ओझा पट्टी को आरोपित कर शराब भंडारण एवं बिक्री करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। थानाध्यक्ष धनंजय राय के निर्देश पर छापेमारी दल का नेतृत्व पुअनि रमेश कुमार ने किया। इधर लोकसभा चुनाव के दौरान भारी मात्रा में शराब बरामद होने से चर्चा का बाजार गर्म है। ग्रामीणों ने बताया कि मशरक में उत्पाद थाना खुलने के बाद भी शराब पर लगाम नहीं है। उत्पाद थाना सिर्फ अवैध वसूली में लगा है।

## पुलिस ने अलग अलग तीन जगहो से गांजा, देसी शराब एवं हथियार के साथ किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

देवेन्द्र कुमार

**पतरघट।** थाना क्षेत्र के किशनपुर पंचयात के सुरमहा मे पुलिस को मिली गुप्त सुचना के आधार पर अलग अलग दो जगहों से छापेमारी कर गांजा एवं देशी चुलाई शराब के साथ साथ तस्कर भी गिरफ्तार हुआ है।

थानाध्यक्ष पुनि अजय कुमार पासवान के नेतृत्व में छापेमारी की गई, वही गिरफ्तार तस्कर सुरमहा वार्ड नं 2 निवाशी दशरथ राम पिता बहादुर राम एवं पनालाल राम पिता स्व.ठाकुर राम के घर से 240 ग्राम गांजा एवं 10 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार हुआ है, वही दो देशी कट्टा एवम 5 जिंदा कारतूस के साथ वरुण कुमार पिता जयनारायण यादव साकिम



सुरमाहा रहीटोला वार्ड नंबर 5 को गिरफ्तार किया गया।

जिसमें शामिल पुलिस बल एसआई वरुण कुमार शर्मा, एसआई नीरज कुमार, एवं थाना की गार्ड बल के सहयोग से पकड़ा गया। इस बाबत पतरघट थाना अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना के आलोक में छापेमारी कर हथियार एवं गांजा और देसी शराब के साथ तस्कर की भी गिरफ्तारी किया गया है ,पकराए गये सभी ब्यक्ति के उपर बिधीवत कार्यवाई करते हुए न्यायिक हिरासत सहरसा भेजा गया।

## मार्केटिंगयार्ड स्थित बूथ संख्या 181 पर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने डाला अपना वोट

लोक तंत्र की आवाज़

**अररिया।** 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 निर्वाचन क्षेत्रों पर मंगलवार को तीसरे चरण की मतदान सम्पन्न हुई। आम चुनाव के तीसरे चरण के दौरान बिहार के 40 लोकसभा क्षेत्रों में से 5 पर मतदान चला है। सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हुआ जो शाम 6 बजे संपन्न हुआ। तीसरे चरण की मतदान में मंगलवार को अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने अररिया ओमनगर स्थित कृषि बाजार समिति बूथ संख्या – 181 पर अपना वोट डाला।

अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ने राष्ट्रहित में मतदान करने और ₹लोकतंत्र के त्योहार₹ में लोगों को भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के




लिए तीसरे चरण का मतदान चल रहा है। मैं सभी से लोकतंत्र के उत्सव में भाग लेने की अपील करना चाहता हूं। पहला, दूसरा और तीसरा चरण बीजेपी के लिए अच्छा रहा और पूरे देश में सकारात्मक माहौल है। मुझे पूर्ण भरोसा है की अररिया के लोग इस लोकतंत्र के पर्व को विकसित एवं समृद्ध अररिया के संकल्पित सोच में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहें है।

## पूर्व मुखिया अशोक यादव कांग्रेस प्रत्याशी सन्नी हजारी के पक्ष में कर रहे हैं चुनाव प्रचार

लोकतंत्र की आवाज

**समस्तीपुर।** लोकसभा अन्तर्गत कुशेश्वर विधानसभा में चिगड़ी सिमराहा पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक कुमार यादव समस्तीपुर लोकसभा से इण्डिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सन्नी हजारी के पक्ष में चुनाव प्रचार अभियान चलाकर मतदाताओं से कहा कि देश 2014 के बाद दस सालों में काफी पीछे चला गया है। देश के युवाओं का रोजी, रोजगार नौकरी चला गया है, देश में मंहगाई चरम पर है। किसानों के अनाज का उचित किमत नहीं मिल रहा है।

एनडीए सरकार में पूंजीपति किसानों का अनाज औने पौने दाम में लेकर मालामाल होते जा रहा है तो किसान गरीब होते जा रहा है । जिस पर एनडीए के मोदी सरकार का कोई ध्यान नही है। उन्होंने कहा कि देश की हालात को देखते हुए 2024 के चल रहे लोकसभा चुनाव में देश के सभी हिस्सों में लोग



इण्डिया गठबंधन के साथ आते जा रहे हैं। इस बार की चुनाव में हवा का रूख बदला हुआ है। लोग सत्ता परिवर्तन को लेकर इण्डिया गठबंधन के पक्ष में वोट करने जा रहे हैं। पूर्व मुखिया अशोक कुमार यादव ने कहा कि देश की जनता 2014 से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जुमला बातें को सुन सुनकर थक चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव के प्रचार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या एनडीए घटक दल के नेता 2014 व 2019 के चुनाव में जनता से किया वादा को पूरा नहीं करने की बात नहीं बताकर इधर उधर की जुमला बातें बनाकर वोट एकत्रित करने के जुगाड़ में लगे हुए हैं, लेकिन इस बार के चुनाव में देश की जनता मोदी जी चाल को समझते हुए सतर्क हो गए हैं। इस बार के चुनाव में जनता एनडीए के जुमला बातें के झांसे में नहीं आने वाले हैं।

जनता के बीच देश के विकास के लिए इण्डिया गठबंधन के बिहार राज्य के युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति में 2024 के लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान तक में ही एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में मतदाताओ के द्वारा बढ़ चढ़ कर इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया जा रहा है । अशोक यादव ने कहा की देश समेत बिहार में चल रहे लोकसभा आम चुनाव में समस्तीपुर लोकसभा से इण्डिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सन्नी हजारी को समाज के सभी वर्गों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है ।

उन्होंने कहा इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी सन्नी हजारी के नेतृत्व में पूरे समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में उज्वल भविष्य तथा विकास होने का पूरा विश्वास है । उन्होंने कहा लोकसभा के चौथे चरण के 13 मई को होने वाले मतदान के दिन आप मतदाता मालिक पहले मतदान उसके बाद जलपान के साथ आप सभी एवं अपने आसपड़ोस के मतदाताओं को जागरूक कर सर्वाधिक मतदान करवाने में सहयोग कर लोकतंत्र के महापर्व को विजयी बनाबें ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### लोकसभा चुनाव को लेकर संकुल के अंतर्गत सभी प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई



**लोकतंत्र की आवाज**

**उधवा।** राजकीय मध्य विद्यालय उधवा में मंगलवार को संकुल के अंतर्गत सभी प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दिपक कुमार मंडल ने किया। इस दौरान बीपीओ दिपक कुमार मंडल ने सभी प्रधानाध्यापकों को रेल प्रोजेक्ट, प्रोजेक्ट इमपेंक्ट तथा प्रयास के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर अपने –अपने विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। मौके पर बीआरपी मझारूल हक, सीआरपी बाबूलाल मंडल, शिक्षक सकलदेव मंडल, हारुन रशीद, मुख्तार हुसैन, मुबारक शेख सहित अन्य मौजूद थे।

### कृषि उत्पादन बाजार समिति में ईवीएम मेला



**लोकतंत्र की आवाज**
**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह झारखंड।** कृषि उत्पादन बाजार समिति में सरकारी चुनावी पदाधिकारी के निगरानी में ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखा जा रहा है जिसमें राजनीतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त पार्टी पदाधिकारी के देखरेख एवं निगरानी में ही सारे कार्य किये जा रहे हैं। गिरिडीह लोकसभा में आजसु पार्टी के प्रवक्ता से वींरेंद्र राम ने बताया कि उपसमाहर्ता श्रीं मनोज कुमार चौरसिया जी तथा सहजानंद जी की देखरेख में सारे कार्य किया जा रहे हैं, क्योंकि जब मैं कृषि उत्पादन बाजार समिति गया तो मुझे वींरेंद्र राम जी मिले और मैं अनायास उनसे पूछ भी लिया और देखा भी। आज से 12 दिनों बाद यानी 20 मई 2024 को जब गांडेय विधानसभा उपचुनाव तथा कोडरमा लोकसभा चुनाव होंगे तो यहीं से सुरक्षित तौर पर नियुक्त मतदान कर्मियों को मतदान कार्य पूर्ण करवाने हेतु ईवीएम मशीन दी जाएगी।

### ओबीसी समाज को उचित भागीदारी नहीं मिलना काफी चिंता का विषय है : पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश

**लोक तंत्र की आवाज**
**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू।** पलामू जिले के 02 न. टाउन रेड़मा, मेदिनीनगर में पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के द्वारा प्रेस कांफ्रेंस किया गया जिसमे विनय प्रसाद के द्वारा कहा गया की सभी राजनीतिक पार्टियां ओबीसी के साथ सौतेला व्यवहार करता चला आ रहा है लोकसभा चुनाव में चतरा लोक सभा पर ओबीसी समाज का हक बनता है सुदामा प्रसाद ने कहा की इस सीट पर ओबीसी समाज का प्रत्याशी एनडीए के द्वारा नही दिया गया। इंडी गठबंधन इस सीट पर ओबीसी प्रत्याशी उतारे। सौंडिक समाज के अध्यक्ष सतीश कुमार साहू ने कहा की इस लोक सभा सीट पर ओबीसी निर्णायक है यह क्षेत्र वैश्य बाहुल्य लोकसभा क्षेत्र है। साथ में रघुनाथ कुमार, संजय कुमार, नागेंद्र कुमार, राधेश्याम कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

### सोशल मीडिया महाअभियान "Main Bhi Election Amabassador" का हिस्सा बने प्रमंडलीय आयुक्त

**लोक तंत्र की आवाज**
**बिनोद सिंह पलामू**




**पलामू।** लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के निमित्त बृहत स्तर पर चलाई गई सोशल मीडिया महाअभियान "Main Bhi Election Amabassador" का हिस्सा प्रमंडलीय आयुक्त श्री बालकिशुन मुंडा भी बने। आयुक्त श्री मुंडा ने सोशल मीडिया एकाउंट पर फ़ोटो शेयर कर कहा कि हर मतदाता इलेक्शन का ब्रांड एम्बेसडर है इसलिए सभी मतदाता इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाएं। आयुक्त ने सभी मतदाताओं और खाशकर नए मतदाता से चुनाव के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाती है इसिलए मतदान करना न भूलें। आप अपने साथ दूसरे लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

# झामुमो जिला अध्यक्ष ने राजद प्रत्याशी ममता भुईयां के जीत के लिए बैठक कर बनाई रणनीति

**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**



**पलामू।** झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के निर्देशानुसार झामुमो के स्थानीय पलामू जिला कार्यालय में बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां भी शामिल हुए उन्होंने सभी नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव पर विचार साझा किए। इस बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा ने किया और संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी और केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने किया।

सचिव सन्नू सिद्दीकी ने संचालन में ही सभी पदाधिकारी और प्रखंड के अध्यक्ष और सचिव से परिचय कराया और साथ ही साथ चुनाव प्रचार में होने वाली समस्या से औगत कराया और गठनबंधन के साथियों के साथ कांडिनेशन बना कर छेत्र में प्रचार प्रसार करने की सलाह दी पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां बैठक को संबोधित करते हुए कहा ₹इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां पलामू लोकसभा में भारी बहुमत के साथ जीत रही है, झामुमो पलामू की टीम बहुत बेहतरीन तरीके से कार्य कर रही है। आज भाजपा के जुमलों और झूठ से जनता से परेशान हो चुकी है, पलामू के सांसद केंद्र के सत्ताधारी दल से हैं परंतु उन्होंने विकास का कोई कार्य नहीं किया है।

चंदन सिन्हा ने पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां को अपनी तैयारी से अवगत कराते हुए कहा तेज धूप में भी झामुमो के सभी नेता और कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी के पक्ष में जोर शोर से प्रचार कर रहे हैं, जनता में भी ममता भुइयां का लहर है, ममता भुइया भारी बहुमत से जीत रही हैं, जब तक चुनाव नहीं होगा झामुमो के कार्यकर्ता और मेहनत लगन से प्रचार प्रसार करते रहेंगे, इस कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य, चंदन सिन्हा, मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष कमाल खान, रंजन चंद्रवंशी संघटन सचिव अनुराग सिंह, नवीन सिन्हा, राजेश विषकर्मा, उमा सिंह, सयुक्त सचिव सहाबाज आलम वरिष्ठ नेता शाहनवाज उर्फ़ बबलू, बीरेंद्र पासवान, मनाऊर जमा, प्रदीप सिंह, रिशु अग्रवाल, चंदन सिन्हा, रंजन चंद्रवंशी नगर मोर्चा से रंजीत जैसवाल, छोटू त्रिपाठी, विशाल सिन्हा, सहनवाज शाह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, देवानंद भारद्वाज, सैम सिद्दीकी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सहजिला परिषद फुजैल अंसारी, सचिव नन्हे, मन्नत बग्गा, सोनम राइन, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्र, सचिव संजू देवी, कांति देवी, अंजू देवी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष ललन चौधरी, गणेश यादव, रामजी राम, व्यवसाई मोर्चा अध्यक्ष दीपू चुरासिया, मनोज कुमार, जिम्मी भगत, साकिब, कीड़ा मोर्चा अध्यक्ष सुमीत बर्मन, दीपक तिवारी, छात्र मोर्चा अध्यक्ष कौशल किशोर, सय्यद फैजल, प्रखंड के अध्यक्ष कमरूर्दीन अंसारी, नीतीश सिंह उदय भुइया, संजय तिवारी, सरवन गुप्ता, रंग बहादुर, रंजीत सिंह, चुन्नू मेहता, सदस्य सुनील कुमार, राम प्रवेश राम, राहुल कुमार, बबलू कुमार, राजकुमार, कई नेता व कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे।

## मेदिनीनगर नगर निगम के अधिकारियों ने बाजार क्षेत्र में छाता का वितरण किया





**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**

**पलामू।** Main Bhi Election Ambassador कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को शाम 6 बजे मेदिनीनगर शहर के छः मुहान चौक पर मेदिनीनगर निगम की ओर से ऑटोचालकों, फेरीवालों,

सब्ज़ी दुकानदारों व ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के बीच गर्मी के मद्देनजर छाता का वितरण किया गया।वितरण किये गये छाते पर MainBhi ElectionAmbassador, सहित अन्य प्रकार के मतदाता जागरूकता संदेश लिखा गया था। इसी तरह छः मुहान पर लगने वाले विभिन्न दुकानदारों के बीच MainBhi Election Ambassador का बैच वितरण करते हुए उनसे आगामी 13 मई को मतदान करने की अपील की गयी।

इस कार्यक्रम में मेदिनीनगर नगर निगम के प्रधान सहायक धीरज, सिटी मिशन मैनेजर सतीश सहित अन्य निगम कर्मी उपस्थित रहे।

## राजमहल लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में आज लोबिन हेंब्रम ने किया अपना नामांकन



**लोक तंत्र की आवाज़**

**साहेबगंज।** राजमहल लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में आज लोबिन हेंब्रम ने किया अपना नामांकन।लोबिन हेम्ब्रम ने 01 राजमहल लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में निर्वाची पदाधिकारी हेमंत सती के समक्ष नामांकन प्रपत्र दाखिल किया।

## पलामू: आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स के लिये मतदान का कार्य प्रारंभ, 55 वोटर्स ने किया मतदान

**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**



**पलामू।** 9 मई तक समाहरणालय परिसर के दूसरे तल्ले में मतदान करने को लेकर दी गयी है सुविधा, आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स के लिये मंगलवार से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हो गया।अब्सेंटी वोटर्स के मतदान हेतु समाहरणालय के दूसरे तल्ले में सुविधा केंद्र का अधिष्ठापन कराया गया है जो आगामी 9 मई को शाम 5 बजे तक क्रियाशील रहेगा।

इस दौरान जो लोग आवश्यक सेवा में लगे है और वे फॉर्म 12 डी भरकर अपने नोडल पदाधिकारी के समक्ष आवेदन समर्पित किये थे वो सुविधा केंद्र( समाहरणालय )में वोटर आईकार्ड या भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वैकल्पिक दस्तावेज के रूप में चिह्नित किए गए 12 दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज को अपने साथ अनिवार्य रूप से लाकर मतदान कर सकते हैं।इसी क्रम में आज कुल 55 वोटर्स ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।ज्ञातव्य है कि आवश्यक सेवा में लगे कुल 293 मतदाताओं से दिनांक 9 मई के शाम 5 बजे तक मतदातान कराने का लक्ष्य रखा गया है।इसके अतिरिक्त 7 से 9 मई के बीच पुलिस लाइन मेदिनीनगर के अलावा 7 मई को छत्तरपुर, 8 मई को हुसैनाबाद व 9 को विश्रामपुर के पुलिस लाइन में भी चुनाव कार्य में संगलन पदाधिकारियों/ कर्मचारियों से मतदान कराया जा रहा है।

## गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो लड़ेंगे चुनाव

**लोकतंत्र की आवाज**

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**



**गिरिडीह, झारखंड।** संसय का बादल छट गया, तथा यह स्पष्ट हो गया कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय/ स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में जयराम महतो चुनाव लड़ेंगे। बोकारो की जिला निर्वाचित पदाधिकारी ने उनका चौथे सेट में किया गया नामांकन–पत्र स्वीकार कर लिया।

जय राम महतो के वकील सोमनाथ शेखर ने बताया कि 1 – मई को जयराम महतो ने तीन सेटों में नामांकन किया था, उन्हें 7 मई मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया में कुछ त्रुटि को लेकर दोबारा बुलाया गया था 6म ई को जय राम महतो के प्रस्तावक कुलदीप राम ने चौथे सेट का नामांकन किया जिसे निर्वाचित पदाधिकारी ने स्वीकार कर लिया जबकि पूर्व के तीन सीट का नामांकन प्रपत्र रद्द हो गया। कोर्ट की तरफ से जयराम महतो को विधानसभा घेराव के मामले में राहत मिल गई है, कोर्ट ने उनके विरुद्ध कार्रवाई पर रोक लगा दी है उनके खिलाफ वारंट इशू था।

## चुनाव को लेकर जिला प्रशासन अवैध शराब विक्रेताओं के यहां छापेमारी कर कर रही कानूनी कार्रवाई

**लोकतंत्र की आवाज**



**जादूगोड़ा।** जादुगोड़ा थाना कांड सं0–32/24दि0–06/05/2024 धारा–272/273 भा0द0वि0 एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम वरीय पुलिस अधिक्षक महोदय एवं पुलिस अधिक्षक महोदय ग्रामीण के दिशा निर्देशोपरान्त आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर अवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध लगातार छापामारी की जा रही है । इसी क्रम में कल दि0–06/05/2024 सूचना प्राप्त हुई की जादुगोड़ा थानान्तर्गत उत्तरी ईचरा टोला धरमडीह में पवनी उराँव नामक महिला अपने घर में अवैध शराब का व्यापार करती है ।

उक्त सूचना के आधार पर महिला आरक्षी एवं सशस्त्र बल के साथ उत्तरी ईचरा टोला धरमडीह स्थित पवनी उराँव के घर पर विधिवत छापामारी की गयी जहाँ पर भिन्न–भिन्न ब्रांड के 184 पीस बीयर केन, 224 पीस शराब के बोतल एवं 8 लीटर अवैध महुआ बरामद किया गया जिसका अनुमानित मूल्य करीब 1,00000/– रूपया है ।

अभियुक्त का नाम पता : पवनी उराँव उम्र करीब 50 वर्ष पति स्व0 बिनोद उराँव ग्राम–उत्तरी ईचरा टोला धरमडीह थाना–जादुगोड़ा जिला–पूर्वी सिंहभूम

छापामारी में शामिल दलः 1 पु0अ0नि0 सह थाना प्रभारी अभिषेक कुमार , 2 स0अ0नि0 सत्यनारायण कुमार, 3 महिला आ0/129 उर्मिला देवी, 4 हव0 सुधाशु कुमार महतो, 5. सशस्त्र बल ।

## साहिबगंज: नामांकन प्रक्रिया के उपरांत उपायुक्त में सुनी आम जनों की समस्या

**लोकतंत्र की आवाज**

**मामलोत सेख**



**साहिबगंज।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी– सह– उपायुक्त हेमंत सती ने लोक सभा चुनाव–2024 नामांकन प्रक्रिया के उपरांत जनता दरबार के माध्यम से जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए।

इस दौरान उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएं सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिला के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जल्द प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

## डीईओ ने विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक कर उनके द्वारा अबतक किये गये कार्यों की समीक्षा की

**लोक तंत्र की आवाज**

**बिनोद सिंह पलामू**




**पलामू।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को सभी कोषांगों के पदाधिकारियों संग बैठक कर अब तक चनाव में कीये गये तैयारियों से अवगत हुए।इस दौरान उन्होंने कार्मिक कोषांग की समीक्षा करते हुए पोलिंग पार्टी का आईडी कार्ड तैयार कर उनके बीच ससमय वितरण करने, ट्रेनिंग आदि की जानकारी ली।उन्होंने कहा कि कार्मिक कोषांग एक महत्वपूर्ण कोषांग है ऐसे में इस कोषांग द्वारा सभी कार्य ससमय निष्पादित हो, इसका ख्याल रखना आवश्यक है।

इसी तरह वाहन कोषांग की समीक्षा के दौरान सभी सेक्टर पदाधिकारियों के साथ वाहन टैग की अद्यतन सूची की समीक्षा कर कई आवश्यक निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने सभी सीओ को वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी के साथ बेहतर समन्वय में रहने की बात कही।इस दौरान उन्होंने डीटीओ से चुनाव कार्य में लगने वाले गाड़ियों की संख्या की भी जानकारी ली व व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम में सभी की एंट्री कराने पर बल दिया।ईवीएम व वीवीपैट कोषांग की समीक्षा के दौरान ईवीएम की कमिशिनंग, रेंडमाइजेशन आदि की जानकारी ली वहीं ईवीएम का

ट्रेनिंग ले रहे प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर तरीके से ट्रेनिंग देने पर बल दिया।निर्वाचन कोषांग की समीक्षा के दौरान सभी तरह के प्रतिवेदनों को ससमय मुख्य निर्वाचन कार्यालय में भेजने को लेकर उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देशित किया।इसी तरह उन्होंने अन्य कोषांगों की समीक्षा कर कई निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि मतदान की तैयारियों हेतु यह आखिरी सप्ताह इसलिए यह बेहद ही महत्वपूर्ण समयकाल है।ऐसे में हम सबों को बेहतर टीम वर्क का परिचय देते हुए अगले सोमवार को निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न करवाने की दिशा में कार्य करना है।मौके पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त सहित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नियमित टीकाकरण के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य करने की जरूरत: सिविल सर्जन

## नियमित टीकाकरण के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**छपरा (प्रो अजीत कुमार सिंह सेंगर)।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत जीरो डोज वाले बच्चों की संख्या को कम करने और नियमित टीकाकरण के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मियों को शहर के निजी होटल में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ चंदेश्वर सिंह, विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसआरटीएल डॉ उज्जवल सिन्हा और एसएमओ डॉ रंजीतेश और यूनिसेफ की एसएमसी आरती त्रिपाठी, यूएनडीपी के वीसीसीएम अंशुमान पाण्डेय सहित कई अन्य के द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर जिला सामुदायिक उत्प्रेरक ब्रजेंद कुमार सिंह, जिला मूल्यांकन और अनुश्रवण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार सिंह, सिफार के धर्मेंद्र रस्तोगी, डाटा सहायक रवि कुमार सहित कई अन्य प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम, बीसीएम और बीएमएनई सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।



**नियमित टीकाकरण के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य करने की जरूरत: सिविल सर्जन:** सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि जीरो डोज वाले बच्चे से तात्पर्य यह है कि वैसे बच्चें जो किसी कारणवश सत्र स्थल तक टीकाकारण कराने के लिए पहुंच नही पाते हैं। वह यही बच्चे होते हैं जो एक सप्ताह के उम्र में लगने वाले टीके जैसे- पेंटा 1 नहीं ले पाते हैं। ऐसे बच्चे आगे चलकर सभी टीकों से वंचित रह जाते हैं। इसी को शत प्रतिशत करने के लिए उन बच्चों का पहचान करना, उनके घर तक पहुंचना और उनको भी नियमित टीकाकरण से आच्छादित करना है। नियमित टीकाकरण के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विभिन्न स्तरों स्तर पर एएनएम, आशा कार्यकर्ता और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा नियमित रूप से बैठक आयोजित कर इसे पूरा करना होगा।

**जीरो डोज वाले बच्चों कि संख्या को कम करने के लिए विशेष रूप से बनाई जाएगी रणनीति: डीआईओ :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ चंदेश्वर सिंह ने कहा कि नियमित टीकाकरण अभियान के तहत एक वर्ष तक का कोई भी बच्चा पेंटावेलेंट का पहला टीका नही लेने वाले को जीरो डोज कहा जाता है। जिसमें वर्ष 2019 में 10366 था लेकिन 2026 तक 70 प्रतिशत और 2030 तक 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि जीरो डोज वाले बच्चों कि संख्या को कम करने के लिए विशेष रूप से रणनीति बनाने और इसके लिए प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचने के साथ ही सभी बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण किस प्रकार से किया जाए, इसको लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।

- नियमित टीकाकरण को शत प्रतिशत करने का रखा गया लक्ष्य: डब्ल्यूएचओ

**नियमित टीकाकरण को शत प्रतिशत करने का रखा गया लक्ष्य: डब्ल्यूएचओ:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) एसएमओ डॉ रंजितेश ने कहा कि नियमित टीकाकरण के दौरान आने वाली विभिन्न प्रकार कि चुनौतियों और उसके समाधान के बारे में ग्रुप वर्क के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत रूप से चर्चा की गई। आगे उन्होंने यह भी कहा कि जिले में नियमित टीकाकरण के प्रतिशत को बढ़ाकर 95% से अधिक लाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसको लेकर जिले के अमनौर, बनियापुर, सदर प्रखंड, जलालपुर, इसुआपुर, गड़खा, एकमा, दिघवारा, दरियापुर और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मासूमगंज और तेलपा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम, बीसीएम और बीएमएनई के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

# अपने परिवार के साथ राजद प्रत्याशी शाहनवाज ने मध्य विद्यालय सिसौना दक्षिण भाग बूथ पर डाला मतदान



लोक तंत्र की आवाज़

**जोकीहाट से लौटकर डा. रूद्र किंकर वर्मा।** पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री मरहूम तस्लीम साहब के साहबजादे पूर्व मंत्री जोकीहाट विधायक सह अररिया संसदीय सीट से आई एन डी आई ए समर्थित राजद प्रत्याशी शाहनवाज मंगलवार को सुबह 9:30 बजे अपने पैतृक गाँव सिसौना जोकीहाट नगरपंचायत स्थित मतदान केंद्र संख्या-123 (मध्य विद्यालय सिसौना दक्षिण भाग) में अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

अपनी अम्मीजान अख्तरी बेगम, धर्मपत्नी बेगम गज़ाला नवाज एवम पुत्र के साथ वे वोट डालने मतदान केंद्र पहुंचे।

**कार्यकर्ताओ से मिली फीड बैक पर शहंशाह शाहनवाज दिखे खुश:** सीमांचल के गांधी मरहूम तस्लीम साहब के उत्तराधिकारी शाहनवाज बूथ से निकलते हीं पत्रकारों को बताया कि मुझे हर बूथ पर मतदाताओं का अपार स्नेह मिल रहा है। जनता परिवर्तन चाहती है और उसे अमलीजामा दे रही है। माय समीकरण एकजुट, बाप फैक्टर का रहा बोलबाला: राजद कैंडिडेट उत्साह से लबरेज दिखे उन्होंने कहा कि मिल रही फीड बैक से माय समीकरण थोक भाव में मत डाल रहे हैं तो बाप फैक्टर का प्यार मुझे मिल रहा है।

# मुजफ्फरपुर शराब की बड़ी खेप पुलिस ने किया बरामद

लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार

**मुजफ्फरपुर।** लोकसभा चुनाव से पूर्व मुजफ्फरपुर पुलिस और मद्य निषेध विभाग पटना के टीम के द्वारा की गई कार्रवाई में एक ट्रक से विदेशी शराब की बड़ी खेप को बरामद किया गया। साथ ही दो आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। बताते चलें कि पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र का है। जहाँ मद्य निषेध विभाग को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक ट्रक से विदेशी शराब की बड़ी खेप सकरा थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाली है।





मामले की सूचना मद्य निषेध विभाग की टीम ने सकरा थाना के पुलिस को दिया। सूचना प्राप्त होते ही सकरा थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के रेपुरा ठल्ल 28 पर घेराबंदी कर एक ट्रक को जांच के लिए रोका। टीम ने जांच के लिए रोके गए ट्रक की जब तलाशी ली तो ट्रक के अंदर बने तहखाने से टीम ने 1080 लीटर विदेशी शराब को बरामद किया। जिसके बाद टीम ने ट्रक के चालक और उप चालक को गिरफ्तार कर लिया।

मामले की जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर देते हुए एसडीपीओ पूर्वी 2 मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थीं कि एक ट्रक के अंदर बने तहखाने में छुपा कर रखे गए विदेशी शराब की बड़ी खेप सकरा थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाली है। जिसके बाद पुरे मामले से अपने वरीय अधिकारी को अवगत कराते हुए सकरा थाना क्षेत्र के रेपुरा ठल्ल 28 पर घेराबंदी कर वहां से एक ट्रक को जांच के लिए रोका गया। कहा की जांच करने पर उक्त ट्रक के अंदर बने तहखाने से 1080 लीटर विदेशी शराब की खेप को बरामद किया गया। जिसके बाद ट्रक के चालक और उप चालक को गिरफ्तार कर पुछताछ के बाद आज न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# नगर पंचायत में पवन सिंह ने जनसंपर्क कर लोगों से मांगा आशीर्वाद

लोकतंत्र की आवाज

प्रिती पांडेय

**नबीनगर, औरंगाबाद।** काराकाट लोक सभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने मंगलवार को काराकाट लोकसभा अंतर्गत नबीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के सोनपुरा, पुनपुन सिंचाई कॉलोनी, जोबे, नयका बिगहा, बसन बिगहा मोड़, भवानोखाफ, न्यू एरिया, मंगल बाजार, शनिचर बाजार, परसिया, जनकपुर पोखरा, गुर्दी, जयनगरा, लेम्बोखाफ, चिरैली समेत दर्जनों गांव में घुम घुमकर कर जनसंपर्क कर लोगो से आशीर्वाद लिया।



जनसंपर्क के दौरान पवन सिंह ने लोगों से वोट देकर जीताने का अपील किया। पवन सिंह ने कहा कि अगर पवन चुनाव जीत भी जाता है। तो आपका बेटा आपका भाई बनकर आपके पास आएगा। पवन सिंह ने कहा मेरी मां ने तिलक लगाकर अपना बेटा काराकाट लोकसभा क्षेत्र को सौंप दिया है। और अब निर्णय आप लोगो को करना है। कहा कि आप लोगों ने अपना आर्शीवाद और प्यार देकर पवन को मुकाम पर पहुंचा दिया है। अब मैं अपने जीवन की तीसरी पारी खेल रहा हूं। पहली पारी में आपलोगो ने गायक बनाया फिर दूसरी पारी में नायक बनाया और तीसरी पारी में नेता भी आप ही लोग बनाएंगे। जनसंपर्क के दौरान लोगों ने पवन सिंह को फुल माला एवं पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। मौके पर संतोष सिंह, नबीनगर मंडल के प्रभारी राहुल सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद योगिंद्र सिंह, नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र रजक, यशवंत सिंह, मुकेश कुमार सिंह, बिरेंद्र सिंह, रिंकू सिंह, बैरिया मंडल के प्रभारी लव कुमार सिंह, अरविंद पांडेय, लल्लू सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

# संविधान और देश बचाना है तो इंडिया गठबंधन को वोट दें : अजय निषाद

लोकतंत्र की आवाज

- कटरा प्रखंड के सहिला हथौड़ी में इंडिया गठबंधन का कार्यकर्ता सम्मेलन
- खराब मौसम के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

दीपक कुमार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी श्री अजय निषाद ने कहा है कि देश और संविधान बचाना है तो इंडिया गठबंधन को ही जिताना होगा। वे मंगलवार को कटरा प्रखंड में सहिला हथौड़ी स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में आयोजित इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। श्री अजय निषाद ने गठबंधन के विभिन्न दलों के स्थानीय नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा की लड़ाने-भिड़ाने वाली सरकार को बदलना बहुत जरूरी है। दूसरे वक्ताओं ने भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी बहुमत से जिताने के लिए जी-जान से लगने की बात कही। श्री लक्ष्मण ठाकुर जी (प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष, औराई) की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यकर्ता सम्मेलन का संचालन मो० मगफूर आलम जी (जिला महासचिव राजद) ने किया।

वक्ताओं में डा० सुरेंद्र यादव जी (पूर्व विधायक औराई, राजद), मो० आफताब आलम जी (पूर्व विधायक प्रत्याशी औराई, भाकपा माले), श्री अरविंद कुमार मुकुल जी (जिला अध्यक्ष कांग्रेस), श्री विकास यादव जी (प्रखंड अध्यक्ष कटरा राजद), श्री विकास कुमार टुल्लू जी (जिला महासचिव कांग्रेस), मो. इश्तियाक अहमद जी (प्रखंड अध्यक्ष राजद), मो० अशफाक अहमद जी (छात्र जिला अध्यक्ष, वीआईपी), श्री अमरेंद्र कुमार चौधरी जी (कांग्रेस नेता), श्री रामशिवालिक राय जी (राजद औराई), श्री रामप्रवेश पासवान जी (जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति राजद), श्री रामबाबू राय जी (सहीला रामपुर), श्री चंदन यादव जी (छात्रनेता राजद), मो. अब्दुल वारी उर्फ सद्दाम हुसैन जी (नेता कांग्रेस), श्री चंदेश्वर सहनी जी, मो० फैजल जी, श्री धनेश्वर राय जी, प्रमुख थे।



बारिश और खराब मौसम के बावजूद कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी घटक दलों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन के अलावा कांग्रेस प्रत्याशी ने आज क्षेत्र में जनसम्पर्क भी किया और लोगों से कांग्रेस को वोट देने की अपील की।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गायघाट और बेनीबाद में 112 पर फोन करते ही 10 मिनट में पहुंचेगी पुलिस:ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब सेवा दिया जा रहा



**लोक तंत्र की आवाज़**
**दीपक कुमार, गायघाट।** मुजफ्फरपुर पुलिस सुरक्षा के मामले में अब काफी ज्यादा हाईटेक हो रही है। पुलिस द्वारा अब गायघाट और बेनीबाद थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में भी अगर किसी प्रकार का कोई हादसा या जरूरतमंद को पुलिस की आवश्यकता होगी तो तुरंत 112 नंबर की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आम जनमानस को सहायता करेंगे। इसके लिए गृह विभाग द्वारा मुजफ्फरपुर पुलिस को सभी थाना क्षेत्र में 112 वाहन पहुंच गए हैं। इसके बाद जिले के लगभग सभी थाना में 112 वाहन उपलब्ध हो गया है। पहले शहरी क्षेत्र में ही 112 की गाड़ी दी गयी थी. पुलिस मुख्यालय के आदेश पर अब ग्रामीण क्षेत्र के भी सभी थानों में इसकी सुविधा मिलेगी. यह गाड़ी थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगी. खासकर घटना वाले क्षेत्रों की निगरानी करेगी. इस दौरान जैसे ही किसी घटना की सूचना मिलेगी, इसके पदाधिकारी 10 मिनट के भीतर वहां पहुंच जायेंगे.₹ – राकेश कुमार, एसएसपी, मुजफ्फरपुरटीओपी में बाइक सर्विस: जिले में टाउन आउट पोस्ट (टीओपी) में बाइक की सर्विस दी जायेगी. जहां बड़ी गाड़ी को पहुंचने में समय लगेगा 112 की बाइक टीम तुरंत मौके पर पहुंच जायेगी. अब 112 की टीम में तीन स्वतंत्र पदाधिकारी होंगे. प्रत्येक आठ घंटे पर इनका शिफ्ट बदलेगा. इन्हें किसी अन्य अनुसंधान का जिम्मा नहीं दिया जायेगा. स्वतंत्र रूप से कार्य करने पर 112 की टीम और बेहतर तरीके से लोगों को सेवा दे पाएगी.

### बिहार हैंडबॉल संघ में सारण से दो पदाधिकारी चयनित



**लोकतंत्र की आवाज**
**छपरा/मशरक (सारण)।** बिहार हैंडबॉल संघ में सारण के बनियापुर निवासी सारण विधान पार्षद ई सच्चिदानंद राय के चैयरमेन व मशरक के बड़हिया टोला गांव निवासी संजय कुमार सिंह के उपाध्यक्ष पद पर चयनित होने पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वहीं बड़हिया टोला गांव में ग्रामीणों ने बधाई दी और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। आपकों बता दें कि बिहार हैंडबॉल संघ के 22 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन हुआ है। चुनाव में बिहार ओलम्पिक संघ के रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में एडवोकेट शारदा कुमार ने भाग लिया।

### औरंगाबाद में अज्ञात ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक की हुई मौत

**लोकतंत्र की आवाज**
**सुनील कुमार मिश्र, औरंगाबाद।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड के रफीगंज स्टेशन के पूर्वी केबिन के पास मंगलवार की सुबह में अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से काजीचक गांव निवासी राम अवतार चौधरी के 15 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार चौधरी की मौत हो गई।आरपीएफ इंस्पेक्टर बीके सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह लगभग 5:30 बजे जानकारी मिली कि पोल संख्या 506/22 एवं 24 के बीच पूर्वी केबिन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हुई है।आरपीएफ के जवानों को भेजा गया।काफी मशक्कत के बाद पहचान की गयी।मानसिक रूप से विछिप्त था।सोमवार को ही औरंगाबाद के लिए निकला था। घर नहीं पहुंचने पर परिजन द्वारा काफी खोजबीन किया जा रहा था।सूचना मिलते ही परिजन शव के पास पहुंचे और पहचान किया।परिजनों को शव को सौप दिया गया।

### आग लगी के तीन पीड़ित परिवार को सीओ ने मुआवजा दिया

**लोकतंत्र की आवाज**
**सुनील कुमार मिश्र, औरंगाबाद।** जिले के रफीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित सीओ कार्यालय में अआग लगी के पीड़ित परिवार अचूकी गांव निवासी निरंजन पासवान ,डिहवा गांव निवासी मुनिया देवी, दुलारी देवी को सीओ के द्वारा 12 हजार रुपये का चेक दिया गया। अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह ने बताया कि तीन आग लगी पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा के रूप में 12 हजार रुपये का चेक दिया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि छोटे सिंह , पंचायत समिति सदस्य कार्तिक शर्मा, अखलाखुर रहमान, इश्तियाक फरहान उपस्थित थे।

### शांतिपूर्ण एवम भयमुक्त वातावरण के बीच मतदान संपन्न

**लोकतंत्र की आवाज**
**अररिया।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत आज दिनांक 7 मई 2024 को मतदान शांतिपूर्ण संपन्न होने के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान एवं पुलिस अधीक्षक श्री अमित रंजन की संयुक्त अध्यक्षता में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस ब्रीफिंग का आयोजन किया गया।भारत नेपाल सीमा से जुड़े सीमांचल का चर्चित संसदीय सीट अररिया में मंगलवार को मतदान शांति पूर्ण एवम भय मुक्त वातावरण में संपन्न हो गया। सूबे के पांच लोकसभा सीट पर हुए मतदान में अररिया का मतदान सबसे ज्यादा रहा।बता दें कि 07 मई को तीसरे चरण के लिए जिले के 03 मुख्य दलों सहित 06 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे इनमें भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह, राजद प्रत्याशी शाहनवाज व बहुजन समाज पार्टी के गौसूल आजम के अलावा मो इस्माइल, जावेद अख्तर, अखिलेश कुमार, मुस्ताक आलम, मो.मोबिनुल हक, शत्रुध्न प्रसाद सुमन शामिल हैं। इन सभी भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है।

### बसपा ने जारी की प्रत्याशियों की 13वीं लिस्ट; बस्ती , जौनपुर लोस और दुद्धी विधानसभा सीट के उम्मीदवार घोषित

**लोक तंत्र की आवाज**
**सुगंधा, लखनऊ।** बसपा ने जारी की प्रत्याशियों की 13वीं लिस्ट; बस्ती, जौनपुर लोकसभा और दुद्धी विधानसभा सीट के उम्मीदवार घोषित बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने सोमवार को लोकसभा प्रत्याशियों की 13वीं सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में सोनभद्र जिले की दुद्धी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के प्रत्याशी का भी नाम शामिल है। बसपा ने बस्ती लोकसभा सीट पर लवकुश पटेल और जौनपुर से श्याम सिंह यादव को प्रत्याशी बनाया है। वहीं दुद्धी विधानसभा सीट पर होने उपचुनाव के लिए रवि सिंह खरवार को प्रत्याशी बनाया है।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।